राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 200
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
रविवार 15 जून 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा प्राधिकरण की 218वीं बोर्ड बैठक
पेज 4 वाराणसी में भीषण हादसा, बीएसएफ जवान समेत 3 की मौत
पेज 6 हार के बाद पैट कमिंस बोले- जीत की हकदार थी साउथ अफ्रीका

## संक्षिप्त खबरें

### नागपुर में बिल्डिंग में आग; दम घुटने से 2 की मौत

नागपुर में शनिवार शाम महल इलाके में एक हाउसिंग कम कॉमर्शियल बिल्डिंग में आग लगने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार गांधी गेट के पास जय कमल कॉम्प्लेक्स के फर्स्ट फ्लोर पर आग लग गई। फ्लैट में बने गोदाम में वेल्डिंग का काम चल रहा था। गोदाम में रखे ज्वलनशील पदार्थों की वजह से आग तेजी से फैली। मृतकों की पहचान एनके लाइट हाउस के मालिक गिरीश खत्री और उनके कर्मचारी विट्ठल के रूप में हुई है। दोनों की मौत दम घुटने से हुई। इनके अलावा एक वेल्डर गंभीर रूप से घायल है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### राजस्थान-मध्यप्रदेश में दिनभर लू चली, शाम को बारिश

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** मानसून ने एक बार फिर से रफ्तार पकड़ ली है। पिछले 6 दिन से पड़ रही तेज गर्मी के बाद राजस्थान, मध्य प्रदेश के कई शहरों में शनिवार शाम को बारिश हुई। राजस्थान के श्रीगंगानगर, बीकानेर, अजमेर में प्री-मानसून एक्टिव रहा। शुक्रवार को श्रीगंगानगर देश का सबसे गर्म शहर था। यहां तापमान 49.4 डिग्री पहुंच गया था। वहीं उत्तर प्रदेश के वाराणसी और मथुरा में अभी भी गर्मी और लू से राहत नहीं मिली है। वाराणसी में 42 डिग्री टेम्प्रेचर के कारण ट्रांसफॉर्मर फेल हो गए, जिन्हें कूलर से ठंडा किया गया। मथुरा में पारा 41 डिग्री पहुंच गया। यहां स्प्रिंकलर से सड़कों पर पानी छिड़का गया।

# इजराइल-ईरान ने फिर एक दूसरे पर मिसाइलें दागी

## इजराइल का दावा- अबतक 150 टारगेट हिट किए; ईरान के 7 राज्यों में डिफेंस सिस्टम एक्टिव

**तेहरान/तेल अवीव।** ईरान और इजराइल ने शनिवार देर रात एक बार फिर से एक दूसरे पर कई मिसाइलें दागी।

दोनों देशों के बीच बीते 45 घंटे से संघर्ष जारी है। इजराइल का दावा है कि उसने ईरान में 150 से ज्यादा ठिकानों को हिट किया है।

तीन दिन की लड़ाई में अब तक 138 ईरानी मारे जा चुके हैं, जिनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स शामिल हैं। इसके



अलावा 350 से ज्यादा घायल हैं। ईरान की राजधानी तेहरान समेत 7 राज्यों में एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव कर दिया गया है।

ईरान ने भी जवाबी हमला करते हुए अब तक इजराइल पर 150 से ज्यादा मिसाइलें दाग चुका है। ईरानी हमले से इजराइल में 4 लोगों मारे जा चुके हैं और 90 से ज्यादा घायल हैं। ईरान ने 3 इजराइली एफ-35 विमान गिराने का भी दावा किया है।

इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने धमकी देते हुए कहा कि जल्द ही इजराइली एयरफोर्स ईरान के हर ठिकाने पर हमला करेगी। ईरान आने वाले दिनों में वो महसूस करेगा जो आज के हालातों के सामने कुछ भी नहीं होगा।

### ईरानी हमले में अबतक 4 इजराइली नागरिकों की मौत

इजराइल की नेशनल इमरजेंसी सर्विस के मुताबिक, उत्तरी इजराइल पर ईरानी मिसाइल हमले में एक महिला की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। इजराइल में अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है।

### जॉर्डन ने अपना एयरस्पेस फिर से बंद किया

इजराइल और ईरान के बीच देर रात एक बार फिर से हवाई हमलों का सिलसिला शुरू हो गया। जिसकी वजह से जॉर्डन ने अपने एयर स्पेस को अस्थायी तौर पर बंद कर दिया है। कल भी जॉर्डन ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया था।

# नेतन्याहू का दावा- ट्रम्प इजराइल के सपोर्ट में

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए कहा कि इजराइल का दुश्मन अमेरिका का दुश्मन है। हमारे पायलट तेहरान के आसमान पर हैं और ईरानी सरकार को ऐसा झटके देंगे, जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। नेतन्याहू ने दावा किया कि इजराइल को ट्रम्प और अमेरिकी लोगों समर्थन हासिल है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति पुतिन के साथ मिडिल ईस्ट



और यूक्रेन में चल रहे संघर्षों पर वार्ता की। ट्रम्प ने एक सोशल मीडिया लिखा- पुतिन और मेरा मानना है कि इजराइल-ईरान संघर्ष खत्म होना चाहिए।

## विरोध प्रदर्शन



गुवाहाटी में फ्लाईओवर निर्माण के लिए पेड़ों की कटाई को लेकर असम सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते लोग।

### घर में फंदे पर लटके मिले मां और दो बच्चे

**डिंडौरी।** डिंडौरी में एक घर में मां और दो बच्चों के शव फंदे पर लटके मिले। पिता जब घर लौटे तब पता चला। बच्चों के हाथ-पैर बंधे थे। पिता ने उन्हें नीचे उतारा, लेकिन तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने घर सील कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना मेहदवानी थाना क्षेत्र के कुम्हारिन टोला में शुक्रवार रात की है। राजेंद्र प्रजापति गांव में फुल्की चाट का ठेला लगाता है। रात करीब 8 बजे जब वह काम से लौटा तो घर में टीवी चल रहा था। रोज की तरह सब कुछ सामान्य लग रहा था। कमरे में देखा तो पत्नी मधु प्रजापति (35), बेटी शिवानी (12) और बेटा आदित्य (10) फंदे पर झूल रहे थे। पुलिस को सूचना दी गई। एएसआई सुनील पटेल ने बताया, एफएसएल की टीम और डॉग स्क्वाड को जांच के लिए बुलाया गया है। घर के बाहर पुलिस बल तैनात है। एसपी वाहिनी सिंह और एसडीओपी मुकेश अविंदा मौके पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस कुछ परिजन को अपने साथ थाने ले गई, यहां एसपी उनसे मामले को लेकर जानकारी ले रही हैं।

# तीन महिला समेत चार नक्सलियों का एनकाउंटर

## बालाघाट में पुलिस से मुठभेड़, घायल नक्सली जंगल में भागे; 600 से ज्यादा जवान सर्चिंग में जुटे

**बालाघाट।** बालाघाट में पुलिस ने एक मुठभेड़ में तीन महिला समेत चार नक्सलियों को मार गिराया है। मुठभेड़ शनिवार दोपहर में बिठली पुलिस चौकी क्षेत्र के पचामा दादर के जंगल में हुई। हॉक फोर्स और जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यह सफलता मिली।

बालाघाट एसपी आदित्य मिश्रा ने बताया कि- जीआरबी डिवीजन के नक्सलियों के एक समूह की मौजूदगी के बारे में पता चला था। इसके बाद हॉकफोर्स, जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ, सर्च ऑपरेशन चला रही थी।

इसी दौरान सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने और उनके हथियार लूटने की मंशा से नक्सलियों ने जंगल में सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी।



सुरक्षाबलों ने जवाबी फायरिंग की। इसमें 4 हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया गया है।

### मुठभेड़ में कुछ नक्सली घायल

नक्सलियों के पास से एक ग्रेनेड लॉन्चर, एसएलआर राइफल, दो .315 राइफल, गोलाबारूद, वॉकी-टॉकी सेट और नक्सल साहित्य बरामद किया है। मुठभेड़ के दौरान कुछ नक्सली के घायल होने की खबर है, जो घने जंगल का फायदा उठाकर भाग गए हैं।

नक्सलियों की तलाशी के लिए हॉकफोर्स, सीआरपीएफ और जिला पुलिस बल के 600 से ज्यादा जवानों को क्षेत्र में बड़े स्तर पर सर्चिंग अभियान में भेजा गया है।

### सीएम बोले- पुलिसकर्मियों को करेंगे पुरस्कृत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बालाघाट में आज मुठभेड़ में 4 नक्सलियों को मार गिराया गया है। जिसमें 3 महिलाएं और 1 पुरुष शामिल हैं। उनके पास से कई हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। प्रदेश सरकार इस घटना में अच्छे परिणाम लाने वाले पुलिसकर्मियों को जरूर पुरस्कृत करेगी।

# सुपरटेक के खिलाफ सीबीआई ने दर्ज की एफआइआर

## नोएडा और गाजियाबाद के पांच ठिकानों पर जांच एजेंसी ने ली तलाशी

**नई दिल्ली।** सीबीआइ ने बिल्डर सुपरटेक और उसके निदेशकों के खिलाफ वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप में एफआइआर दर्ज कर लिया है। सुपरटेक के खिलाफ पहले से दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा में कई केस दर्ज हैं और ईडी की मनी लॉड्रिंग की जांच भी चल रही है। ताजा मामला सीबीआई ने आइडीबीआई





बैंक की ओर की गई लिखित शिकायत के आधार पर दर्ज किया है।

सीबीआइ की प्रवक्ता बीना यादव के अनुसार एफआइआर दर्ज करने के बाद सुपरटेक और निदेशकों के नोएडा और गाजियाबाद स्थित पांच ठिकानों की तलाशी ली गई।

जांच एजेंसी ने तलाशी के दौरान अहम दस्तावेजों के साथ-साथ 28.50 लाख रुपये नकद बरामद होने का दावा किया है। एफआइआर में सुपरटेक कंपनी के साथ-साथ इसके प्रमोटर व मैनेजिंग डायरेक्टर आरके अरोड़ा, निदेशक संगीता अरोड़ा, प्रमोटर निदेशख मोहित अरोड़ा, निदेशक पारुल अरोड़ा, निदेशक विकास कंसल, निदेशक प्रदीप कुमार, निदेशक अनिल कुमार शर्मा और निदेशक अनिल कुमार जैन को आरोपी बनाया है।



## हैप्पी मॉर्निंग

चिंटू ने राह चलती एक लड़की को आंख मार दी लड़की बोली- ये क्या कर रहा है, मैं तुझे कोई ऐसी-वैसी लड़की दिख रही हूं? चिंटू- आपकी बात बिल्कुल ठीक है मैडम लेकिन चेक करना तो हमारा फर्ज बनता है न...... बीवी ने पति का मोबाइल चेक किया और उसकी तरफ घूरते हुए पूछा ये छगन हलवाई क्यों पूछ रहा है कि खाना खाया या नहीं?



## शायरी

हवाओं, बादलों में न जाने क्या
साजिशाना बात हुई,
मेरा ही घर मिट्टी का था, वहीं सारी
बरसात हुई।।

# 24 घंटे में कोरोना के 269 नए मरीज मिले, देश में अब तक 87 जानें गईं

## 7400 एक्टिव केस; राजस्थान में दो की मौत

नई दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 269 नए केस सामने आए हैं। शनिवार सुबह 8 बजे तक देशभर में कोरोना के 7400 एक्टिव मामले हैं। वहीं मौत का आंकड़ा बढ़कर 87 हो गया। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 25 मौतें हुई हैं। शुक्रवार को राजस्थान और केरल में दो लोगों की कोरोना से मौत हो गई। राजस्थान में 70 साल की महिला और केरल में 82 साल के बुजुर्ग ने सांस लेने में तकलीफ के चलते दम तोड़ दिया। राजस्थान में यह कोरोना से इस साल में यह दूसरी मौत है, जबकि केरल में जनवरी से अब तक 23 लोगों



की जान गई है। केरल में इस वक्त देश के सबसे ज्यादा 2109 कोविड मरीज हैं। हालांकि, गुरुवार तक 2165 एक्टिव केस थे।

### राज्यों से कोरोना अपडेट...

**राजस्थान :** राजस्थान में शुक्रवार को कोरोना के 34 नए मरीज मिले। उदयपुर के आरएनटी मेडिकल कॉलेज के अटैच हॉस्पिटल में भर्ती 70 साल की बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महिला को सांस लेने में तकलीफ के कारण भर्ती कराया गया था।

**उत्तर प्रदेश :** उत्तर प्रदेश सरकार ने कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए सावधानी बरतने का निर्देश जारी किया है। प्रमुख स्वास्थ्य अधिकारियों ने सभी अस्पतालों को जरूरी दवाएं, पीपीई किट, जांच सुविधाएं, आइसोलेशन बेड, ऑक्सीजन सिलेंडर, आईसीयू और वेंटिलेटर जैसी सुविधाओं को तैयार रखने को कहा है।

**गुजरात :** राज्य में शुक्रवार सुबह 8 बजे तक कोविड-19 के 1358 एक्टिव मामले दर्ज हुए। गुरुवार को मरीजों की संख्या 1,281 थी। 10 जून को 223 नए मामले सामने आए थे, जो 9 जून के 235 मामलों से थोड़े कम थे।

# अहमदाबाद विमान हादसा : 275 पहुंची मृतकों की संख्या

## 170 ताबूत तैयार करने का ऑर्डर, 248 डीएनए सैंपल्स लिए गए, 19 शवों की पहचान





**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान हादसे में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंचा गया है। शवों को रखने के लिए 170 ताबूत का ऑर्डर दिया गया। बड़ोदरा के शख्स ने बताया कि एअर इंडिया के मैनेजर ने फोन कर ताबूतों का ऑर्डर दिया।

गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने शनिवार को बताया कि रात 9 बजे तक 19 शवों की डीएनए टेस्टिंग से पहचान हो गई है। वहीं, अहमदाबाद सिविल अस्पताल के डिप्टी सिविल सुपरिंटेंडेंट रजनीश पटेल ने बताया कि कुल 11 शव उनके परिजन को सौंपे जा चुके हैं। तीन शव आज और आठ शव 13 जून को हैंडओवर किए गए थे।

वहीं, सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायडू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया- गृह सचिव के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित की गई है। कमेटी तीन महीने में रिपोर्ट देगी। इससे पहले बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से जब मलबा हटाया जा रहा था, तब विमान की टेल (पिछले हिस्से) में फंसा हुआ शव दिखा था। इसका पोस्टमॉर्टम हुआ है।

### पायलट का आखिरी मैसेज सामने आया

अहमदाबाद प्लेन क्रैश मामले में विमान के पायलट सुमित सभरवाल का एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को भेजा गया आखिरी मैसेज सामने आया है। 4-5 सेकेंड के संदेश में सुमित कह रहे हैं, मेडे, मेडे, मेडे... थ्रस्ट नहीं मिल रहा। पावर कम हो रही है, प्लेन उठ नहीं रहा। नहीं बचेंगे।

## अर्थसार



सेंसेक्स:
81,118.60
-573.38 (0.70%)
निफ्टी:
24,718.60
-169.60

## मौसम



अधिकतम : 39 डिग्री से0
न्यूनतम : 29 डिग्री से0
सूर्योदय सोमवार : 5 : 26
सूर्यास्त रविवार : 7 : 24

# सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट- सुशांत केस में हत्या के सबूत नहीं

## रिया के वकील बोले- झूठी कहानियां बनाई गईं, परिवार चुप रहकर सब सहता रहा

**मुंबई।** सुशांत सिंह राजपूत डेथ केस में सीबीआई ने 4 साल 6 महीने 15 दिन बाद फाइनल क्लोजर रिपोर्ट फाइल की है।

जिसमें जांच एजेंसी ने कहा है कि आत्महत्या के लिए सुशांत को उकसाने का कोई सबूत नहीं मिला है।

सुशांत सिंह राजपूत 14 जून 2020 को बांद्रा में अपने घर पर रहस्यमय तरीके से मृत पाए गए थे। मीडिया और विपक्षी दलों के प्रेशर की वजह से इस मामले की जांच को सीबीआई को सौंपा गया। अब सीबीआई की





आखिरी रिपोर्ट में मौत की असल वजह सुसाइड ही बताई गई है। इस मामले में रिया चक्रवर्ती को 27 दिन जेल में रहना पड़ा था। सीबीआई की तरफ से फाइनल रिपोर्ट सामने आने के बाद रिया के वकील सतीश मानेशिंदे ने बयान जारी कर कहा कि इस मामले में कई झूठी कहानियां बनाई गईं। इसके बावजूद रिया और उनका परिवार चुप रहकर सब सहता रहा।

## जखीरा बरामद

### एसएलआर, इंसास, अमोघ,एआर-15 जैसी राइफलें शामिल; सुरक्षा बलों ने 5 जिलों में छापेमारी की थी

# मणिपुर में 328 हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद

इंफाल। मणिपुर में सुरक्षा बलों के जॉइंट सर्च आपरेशन में 328 हथियारों और गोला बारूद का जखीरा बरामद किया। इनमें सेल्फ लोडिंग राइफल्स और इंसास जैसी राइफलें शामिल हैं।

मणिपुर पुलिस के एडीजीपी ल्हारी दोरजी ल्हाटू ने बताया कि पुलिस, सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स, सेना और असम राइफल्स की जॉइंट टीम ने 13-14 जून की आधी रात पांच जिलों में छापेमारी की थी।

इसमें 151 एसएलआर राइफलें, 65 इंसास राइफलें, छह एके सीरीज राइफलें, दो अमोघ राइफलें, एक एआर-15 राइफल, पांच कार्बाइन बंदूकें, दो एमपी5 बंदूकें, 12 लाइट



मशीन गन, छह पिस्टल समेत अन्य युद्ध सामग्री बरामद हुई।

इसके अलावा 591 मैगजीन और हजारों राउंड (गोलियां) बरामद हुए। इनमें 3534 एसएलआर राउंड, 2186 इंसास राउंड, 234 एके राउंड, 407 अमोघ राउंड, .303 के 2252 राउंड और 9 एमएम के 20 राउंड शामिल हैं। ऑपरेशन में 10 ग्रेनेड, तीन लेथोड, सात डेटोनेटर और तीन पैरा शेल भी बरामद हुए शामिल थे।

### 10 दिन पहले 8 जिलों में सर्च ऑपरेशन चलाया था

सेना और असम राइफल्स ने मणिपुर पुलिस, CRPF, BSF और ITBP के साथ 26 मई से 5 जून के बीच सर्च ऑपरेशन चलाया था। इस दौरान कांगपोकपी, थौबल, काकचिंग, तेंगनौपाल, बिष्णुपुर, जिरीबाम, इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम में जिलों में खुफिया इनपुट के आधार पर छापेमारी हुई।

इसमें 23 कैडरों को पकड़ा और 40 हथियार, नौ इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस, ग्रेनेड, गोला-बारूद बरामद हुआ। इंफाल पूर्व जिले के चाडोंग में सेना ने कुल 35 किलोग्राम विस्फोटक के साथ 05 आईईडी बरामद किए।

एक हाइडआउट में 12-बोर की दो राइफलें, विस्फोटक, गोला-बारूद और युद्ध संबंधी सामान बरामद किया।

चुराचांदपुर जिले के खुआंगमुन में 1 जून को दो आईईडी, एक .303 राइफल, चार सिंगल बैरल राइफल, तीन इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार (पोम्पी), गोला-बारूद और अन्य युद्ध सामग्री बरामद की थी।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
रविवार 15 जून 2025
Www.vishalindia.in

## संपादकीय

# दिल्ली-एनसीआर में बिजली कटौती : सरकार के दावे फेल



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

दिल्ली-एनसीआर में जून 2025 की भीषण गर्मी ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। तापमान 44-47 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंचने और बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर (8,647 मेगावाट, जून 2024) पर होने के बावजूद, बिजली कटौती की समस्या ने सरकार के 24×7 बिजली आपूर्ति के दावों की पोल खोल दी है। नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और दिल्ली के कई हिस्सों में घंटों की कटौती ने निवासियों को परेशान कर दिया है, खासकर जब गर्मी और उमस असहनीय हो चुकी है।

### बिजली कटौती के कारण

इस संकट के पीछे कई कारण हैं। पहला, गर्मी के कारण एयर कंडीशनर, कूलर और पंखों का उपयोग बढ़ने से बिजली की मांग अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गई है। दूसरा, बुनियादी ढांचे की कमी, जैसे पुराने ट्रांसफॉर्मर, ओवरलोडेड ग्रिड, और ट्रांसमिशन लाइनों में बार-बार होने वाली खराबी (जैसे मंडोला ग्रिड में आग, जून 2024) ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। इसके अलावा, कोयले की कमी और कुछ बिजली संयंत्रों में तकनीकी समस्याओं ने आपूर्ति को प्रभावित किया है।

### जनता की परेशानी

लंबी बिजली कटौती ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। बच्चे, बुजुर्ग, और बीमार लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं, क्योंकि गर्मी में बिना बिजली के रहना असंभव-सा हो गया है। नोएडा के सेक्टर-62 में रहने वाले राहुल शर्मा कहते हैं, रात में 3-4 घंटे बिजली गुल रहती है। इनवर्टर भी जवाब दे जाता है। इतनी गर्मी में नींद नहीं आती। गाजियाबाद में भी स्थिति ऐसी ही है, जहां कई कॉलोनियों में दिन में भी कटौती हो रही है। सोशल मीडिया पर लोग अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं, और कई ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन भी किए।

### सरकार के दावे और हकीकत

दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार दोनों ने दावा किया था कि बिजली आपूर्ति में कोई कमी नहीं होगी। पिछले साल की तुलना में इस साल मांग ज्यादा होने के बावजूद, सरकार ने कोई ठोस उपाय नहीं किए। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अप्रैल 2025 में ट्वीट किया था कि उनकी सरकार के दौरान 8,500 मेगावाट की पीक डिमांड के बावजूद कटौती नहीं हुई, लेकिन वर्तमान सरकार इस मोर्चे पर नाकाम रही है। वहीं, बिजली कंपनियां ओवरलोडिंग और तकनीकी खराबी का हवाला दे रही हैं, लेकिन समाधान के लिए कोई स्पष्ट रणनीति नहीं दिख रही।

### पड़ोसी राज्यों की स्थिति

पंजाब जैसे पड़ोसी राज्यों ने 46 डिग्री तापमान और 16,192 रू्ब्व की रिकॉर्ड मांग के बावजूद बिजली कटौती को नियंत्रित किया है। यह तुलना दिल्ली-एनसीआर की स्थिति को और शर्मनाक बनाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि दिल्ली में बिजली वितरण कंपनियों और सरकार के बीच तालमेल की कमी इस संकट का प्रमुख कारण है।

### समाधान के उपाय

इस समस्या से निपटने के लिए तत्काल और दीर्घकालिक उपाय जरूरी हैं। तत्काल उपाय के तौर पर, बिजली संयंत्रों की क्षमता बढ़ाने, कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करने, और ग्रिड की मरम्मत पर ध्यान देना होगा। दीर्घकाल में, नवीकरणीय ऊर्जा (सौर और पवन) को बढ़ावा देना, स्मार्ट ग्रिड स्थापित करना, और ऊर्जा संरक्षण को प्रोत्साहित करना जरूरी है। साथ ही, बिजली वितरण कंपनियों को जवाबदेह बनाना होगा, ताकि वे उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित समाधान करें।

### निष्कर्ष

दिल्ली-एनसीआर में बिजली कटौती की समस्या ने सरकार की तैयारियों की कमी को उजागर किया है। भीषण गर्मी में बिजली के बिना जीवन यातना बन गया है। सरकार को अपनी प्राथमिकताएं तय करनी होंगी और जनता की तकलीफों को कम करने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो जनता का आक्रोश और बढ़ सकता है।

# रक्तदान को जन आंदोलन बनाने की जरूरत

रक्त के बिना मानव शरीर हाड़-मांस के एक ढांचे से अधिक नहीं होता। वहीं, शरीर के सुचारु रूप से कार्य करने के लिए पर्याप्त रक्त की जरूरत होती है। यदि शरीर में रक्त का अभाव हो जाए तो व्यक्ति का जीवन खतरे में पड़ जाता है। वहीं, दुर्घटनाओं, जटिल सर्जरी, कैंसर के उपचार, थैलेसीमिया और हीमोफीलिया जैसे गंभीर रोगों से जूझ रहे रोगियों के लिए रक्त की उपलब्धता जीवन और मृत्यु का प्रश्न बन जाती है। जाहिर है कि यदि किसी बीमार या जरूरतमंद व्यक्ति को जरूरत के समय रक्त न मिले तो उसकी जान भी जा सकती है। यह विडंबना ही है कि आज दुनियाभर के निम्न और मध्यम आय वाले देशों में, रक्त की उपलब्धता में एक गंभीर और चिंताजनक असमानता बनी हुई है। गौरतलब है कि रक्त किसी कारखाने में नहीं बनता, बल्कि यह केवल एक स्वस्थ मानव शरीर में ही पैदा होता है। ऐसे में, केवल स्वस्थ व्यक्तियों द्वारा किए जाने वाले रक्तदान से ही रक्त की कमी को पूरा किया जा सकता है। बता दें कि यदि रक्त की कमी को दूर कर लिया जाए तो प्रत्येक वर्ष जो 12000 भारतीय समय पर रक्त नहीं मिलने के कारण मर जाते हैं, उनकी जान बचाई जा सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने महान वैज्ञानिक और चिकित्सक कार्ल लैंडस्टाईन के जन्मदिन 14 जून को 'विश्व रक्तदाता दिवस' के रूप में मनाए जाने की शुरुआत 1997 में की थी। कार्ल लैंडस्टाइन ने मानव रक्त में उपस्थित एग्ल्युटिनिन की मौजूदगी के आधार पर रक्तकणों का 'ए', 'बी' और 'ओ' समूहों में वर्गीकरण कर चिकित्सा विज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। इस महत्वपूर्ण खोज के लिए उनको सन ? 1930 में शरीर विज्ञान में नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था। विश्व रक्तदाता दिवस को लेकर डब्ल्यूएचओ का लक्ष्य दुनियाभर में सौ प्रतिशत स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम को सफल बनाना था। इसीलिए उसने इस कार्यक्रम में दुनिया के 124 प्रमुख देशों को शामिल कर उनसे स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने की अपील की थी। तब इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित करना तथा रक्तदान से जुड़ी दुनियाभर में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करना था। विश्व रक्तदाता दिवस का वास्तविक उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक रक्त उपलब्ध कराना ही रहा है, ताकि रक्त के अभाव में किसी व्यक्ति की जान न जाए। साथ ही रक्त की आवश्यकता पड़ने पर किसी को रक्त खरीदने की नौबत न आए। विडंबना है कि कई देशों में आज भी रक्त की खरीद-बिक्री का बाजार गर्म पाया जाता है। दुर्भाग्य से, इस सूची में भारत का नाम भी शामिल है, जबकि ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों में लोग बिना पैसे लिए स्वैच्छिक रक्तदान करते हैं। हालांकि, तमाम विसंगतियों के बावजूद, रक्तदान को लेकर विभिन्न संस्थाओं एवं व्यक्तियों द्वारा विभिन्न स्तरों पर उठाए गए कदमों के कारण भारत में स्वैच्छिक रक्तदान को काफी बढ़ावा मिला है।

# आखिरकार इजरायल द्वारा ईरान पर रणनीतिक हमला किए जाने के वैश्विक मायनों को ऐसे समझिए

कमलेश पांडे



समझा जाता है कि ईरान की बार-बार की बन्दरघुड़की का इजरायल ने करारा जवाब दिया है। इस्राइल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम ठिकानों पर अचानक हमला करके न केवल सबको चौंका दिया है बल्कि इस पूरे क्षेत्र को एक बार फिर से अनिश्चितता के जद्दोजहद में धकेल दिया है।

लीजिए एक और युद्ध का आगाज हो गया। इससे हथियार निर्माता कम्पनियों की बाछें पुन: खिल गई। कहते हैं कि मरता क्या नहीं करता? आखिरकार बत्तीस दांतों के बीच घिरी जिह्वा की तरह मुस्लिम देशों से घिरे एकमात्र यहूदी मुल्क इजरायल ने अपने रणनीतिक हिफाजत के लिए मुस्लिम वर्ल्ड के सरगना देश ईरान पर निर्णायक हमला बोल दिया है, ताकि उसके परमाणु कार्यक्रमों पर ब्रेक लगाकर संभावित परमाणु हमलों से इजरायल के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

समझा जाता है कि ईरान की बार-बार की बन्दरघुड़की का इजरायल ने करारा जवाब दिया है। इस्राइल ने ईरान के %परमाणु कार्यक्रम ठिकानों% पर अचानक हमला करके न केवल सबको चौंका दिया है बल्कि इस पूरे क्षेत्र को एक बार फिर से अनिश्चितता के जद्दोजहद में धकेल दिया है। इससे महंगाई और बर्बादी दोनों बढ़ेगी। वहीं, गुटीय युद्ध से बचने के लिए अमेरिका ने तत्काल यह साफ किया है कि इस कार्रवाई में वह शामिल नहीं है। वहीं, अब यह भी लगभग तय माना जा रहा है कि रूस और चीन की रजामंदी के बाद ईरान भी पुरजोर जवाबी कार्रवाई करेगा। इससे तीसरा विश्वयुद्ध भी भड़क सकता है।

दरअसल, इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई को ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है, जो बताता है कि यह अपने आप में महज एक कार्रवाई नहीं बल्कि नया सिलसिला हो सकता है। हमलों का व्यापक रूप भी इसकी गंभीरता को स्पष्ट कर देता है। यह हमला भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ छेड़े गए ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई जैसा है, लेकिन अपने दृढ़ संदेश में ऑपरेशन राइजिंग लायन एक मजबूत संदेश देता है, जिससे इस्लामिक देशों की चूलें हिल चुकी हैं।

वहीं, ईरान ने भी यह माना है कि इन हमलों में उसके कम से कम छह परमाणु वैज्ञानिक मारे गए। यही नहीं, ईरान के सबसे बड़े सैन्य अधिकारी इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स कॉप्स के चीफ हुसैन सलामी के भी मारे जाने की खबर है। इससे ईरान ने जवाबी कार्रवाई का इरादा भी जता दिया है।

वहीं, इस्राइली कार्रवाई के वैश्विक दुष्प्रभावों का संकेत इसी एक तथ्य से मिल जाता है कि पहले हमले के कुछ घंटों के अंदर अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें 13त्न बढ़ गई। जबकि कुछ शेयर बाजार रॉकेट की तरह भागे, और कुछ धराशायी हो गए।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि इस्राइल लंबे समय से कहता रहा है कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से हर हाल में रोका जाए और जरूरी हो तो उसके लिए बल प्रयोग से भी हिचका न जाए। क्योंकि उसका यह कहना है कि ईरान इस स्थिति में आ गया था कि कुछ दिनों के अंदर ही वह 15 परमाणु बम बना सकता था। जो इजरायल के खिलाफ ही उपयोग होता। ऐसे में उसने निर्णायक हमले किए।

यह बात दीगर है कि इस्राइल के इन आरोपों की स्वतंत्र तौर पर पुष्टि नहीं हुई है। वहीं यह बात भी सत्य है कि इस मसले पर अमेरिका से ईरान की बातचीत चल रही थी। 15 जून रविवार को भी दोनों पक्षों में अगले दौर की वार्ता होनी थी। ऐसे में इस्राइल की अचानक की गई इस कार्रवाई के बाद सभी पक्षों की नजरें इस पर टिक गई हैं कि आगे घटनाक्रम कैसा रूप लेता है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि ईरान की जवाबी कार्रवाई का स्वरूप कैसा और उसका दायरा कितना बड़ा होता है। क्या वह खुद को इस्राइल के खिलाफ सांकेतिक कार्रवाई तक सीमित रखता है या फिर अमेरिकी दूतावासों व अन्य ठिकानों को भी अपनी जद में लेता है या होरमुज की खाड़ी से गुजरते जहाजों को भी निशाना बनाता है जहां से 21त्न ग्लोबल तेल की सप्लाई होती है।

गौरतलब है कि इजरायली हमले के बाद वहां के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल ने ईरान की मुख्य संवर्धन सुविधा, परमाणु विज्ञानियों और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को निशाना बनाया। उन्होंने ईरान पर हमले के बाद यह साफ कर दिया कि ऑपरेशन राइजिंग लॉयन अभी खत्म नहीं हुआ है। इजरायली हमले में ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के प्रमुख हुसैन सलामी के मारे जाने की पुष्टि हुई है।

वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि ईरान पर हुए इजरायली हमलों में अमेरिका शामिल नहीं है। साथ ही उन्होंने तेहरान को अमेरिकी हितों और कर्मियों को निशाना बनाने के खिलाफ चेतावनी दी। जबकि इजरायली रक्षा अधिकारी ने दावा किया कि हमलों में ईरान के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोहम्मद बाघेरी और उनके कई शीर्ष सैन्य अधिकारी मारे जा चुके हैं।

ईरान पर इजरायली हमले के बाद अमेरिका ने एक आपात बैठक बुलाई। डोनाल्ड ट्रंप की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। इसमें अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए आगे की एहतियाती रणनीति तय की गई। चूंकि तेहरान में हुए धमाकों के बाद इराक और ईरान ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। इससे वैश्विक वायुयान सेवाओं पर भी असर पड़ना लाजिमी है।

वहीं, इजरायल ने ईरान में हमले के बाद देशभर में इमरजेंसी लागू की। इसके अलावा इस्राइल ने दुनिया भर में अपने दूतावास बंद करने का एलान किया है। साथ ही इस्राइल ने अपने नागरिकों से सतर्क रहने और सार्वजनिक स्थानों पर यहूदी या इस्राइली प्रतीक न दिखाने की अपील की है।

मालूम हो कि विगत कई दशकों से गाजा पट्टी में इजरायल के खिलाफ संघर्षरत फिलिस्तीनियों और हमास के आतंकियों को जहां ईरान, सीरिया, जॉर्डन आदि मुस्लिम देश खुला समर्थन दे रहे हैं, वहीं पाकिस्तान-तुर्किये-अजरबैजान जैसे कुख्यात मुस्लिम देश भी उन आतंकियों को गुप्त शह प्रदान कर रहे हैं। लिहाजा इजरायल ने अब तय कर लिया है कि उसके खिलाफ षड्यंत्र में शामिल मुस्लिम देशों को अब बारी-बारी से भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।


शायद इसलिए इजरायल ने अब ऐसे मुल्कों की जड़ों पर ही हमला बोलने का निश्चय किया है, जिसकी खौंफनाक शुरुआत भी कर दी है। जिसके बाद पश्चिम एशिया के दो कट्टर विरोधियों के बीच एक व्यापक युद्ध की आशंका तेज हो गई है। इसे 1980 के दशक में इराक के साथ युद्ध के बाद ईरान पर सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है।

जानकारों की मानें तो पहाड़ों में भी ईरान के परमाणु ठिकाने हैं, जिसे अमेरिकी मदद के बिना इजरायल खत्म नहीं कर पाएगा। उनका कहना है कि इजरायल सिर्फ ईरानी परमाणु ठिकाने को ही नहीं, बल्कि उसकी खुमैनी सरकार को भी हटाना चाहता है। इसलिए इतना खतरनाक हालात पैदा किए हुए है। जाहिर है कि बिना अमेरिका, यूरोप व एशिया के नाटो देशों के इशारे के वह ऐसी हिमाकत कदापि नहीं कर सकता है।

वहीं, हमले के बाद आईडीएफ ने कहा कि ईरान लगातार इजरायल के खिलाफ प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है और अपने प्रॉक्सी गुटों के जरिए क्षेत्र में अस्थिरता फैला रहा है। इससे साफ है कि देर सबेर वह दूसरे मुस्लिम सरगना देश तुर्किये और तीसरे इस्लामिक आतंकवादी सरगना देश पाकिस्तान के ऊपर भी हमला अवश्य करेगा।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3561




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

| 16/23 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | |
| 8 | | | | | |
| 9 | | | | | |

5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 3560 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक चोर अदालत में अपनी गवाही देने खुद ही खड़ा हो गया। वहाँ खड़ा होकर जब वह अनाप-शनाप बकने लगा तो न्यायाधिश ने झुँझलाकर कहा- तुमको तो ठीक से झूठ भी नहीं बोलना आता।

चोर- तो मैं क्या करूँ महोदय।

न्यायाधिश- तुम एक वकील को अप्वाइंट क्यों नहीं कर लेते। ताकि तुम आसानी से झूठ बोल सको।

□ □ □

ब्यूटी-क्लीनिक पहुँची एक महिला डॉक्टर से बोली- मेरे चेहरे को और सुंदर बनाने के लिए क्या फीस लगेगी?

डॉक्टर साहब (गंभीर होकर बोले)- पाँच हजार पाँच सौ रुपए।

निराश होकर महिला बोली- इससे सस्ता कोई उपाय नहीं है क्या? सुझाइए न!

डॉक्टर साहन ने सलाह दी- इससे सस्ता उपाय भी है...। आप बस घूँघट काढ़ना शुरू कर दीजिए।

□ □ □

प्रेमी (प्रेमिका से)- क्या तुम जानती हो, संगीत में इतनी शक्ति है कि उससे पानी भी गरम हो सकता है।

प्रेमिका- हाँ हाँ क्यों नहीं! तुम्हारा गाना सुन कर मेरा खून खौल सकता है, तो फिर पानी क्यों नहीं?

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 3561



**बायें से दायें:-**

१. जैकी श्रॉफ, माधुरी की 'सात सुरों के तार' गीत वाली फिल्म-३
३. 'चांदी की साइकल' गीत वाली गोविंदा, जूही चावला की फिल्म-२
५. अक्षय, करिश्मा की 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली फिल्म-३
७. नसीरूद्दीनशाह, जैकी, नगमा, शिल्पा की एक फिल्म-२
८. फिल्म 'जाल' की नायिका कौन थी-२
९. 'आयेगा आनेवाला' गीत वाली अशोककुमार, मधुबाला की फिल्म-३
१०. फिल्म 'हीरा पन्ना' में देव आनंद के किरदार का नाम क्या था-२
११. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुलराय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१३. जैकी श्राफ, डिम्पल की 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
१५. दक्षिण की फिल्म 'थेवर मगन' किस भाषा में बनी थी?-३
१७. 'वीरू' 'जय' और 'बसंती' आदि किस सुपर हिट फिल्म के पात्र हैं-२
१८. 'दिल है प्यारे जरा' गीत वाली फिल्म-२
१९. फिल्म 'अनकही' के गीत 'आँखों में अनजाने' का गायक कौन है-२
२०. 'आते आते तेरी याद' गीत वाली संजयदत्त, अनिता की फिल्म-२,१,२
२२. अमिताभ, जीनत की 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली फिल्म-२
२३. फिल्म 'सलाखें' में नायक कौन था-२
२५. 'क्यूं आँचल हमारा गिरा' गीत वाली अक्षयकुमार, रवीना की फिल्म-२
२६. गीत 'दिल के अरमां आँसुओं में' की गायिका कौन है-३
२८. 'काट दिये नाम सब' गीत वाली फिल्म-३
२९. फिल्म 'रॉकी' की नायिका कौन थी-२
३०. जीतेंद्र, जयाप्रदा की 'आईने के सौ टुकड़ें' गीत वाली फिल्म-१
३१. 'सजना के सामने मैं तो गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. अजय देवगन, आयशा जुल्का, करिश्मा कपूर की 'बेशक तुम मेरी मुहब्बत हो' गीत वाली फिल्म-३
२. 'मेरी छतरी के नीचे आजा' गीत वाली धर्मेन्द्र, आदित्य, नसीरूद्दीन शाह, सोनू वालिया, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
४. अशोक, प्रदीप, मीना कुमारी की 'दिल जो कह न सका' गीत वाली फिल्म-२,२
६. 'एक तो ये बैरी सावन' गीत वाली दिलीपकुमार, शर्मिला की फिल्म-३
११. विश्वजीत, माला की 'रोकना है अगर रोक लीजे मगर' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'मुर्गी ने झूठ बोला' गीत वाली किशोरकुमार, साधना की फिल्म-४
१४. कंवलजीत, वहीदा की 'तुम अपना रंजोगम' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'गुरू' में नायक कौन था-३
१७. मनोजकुमार, नंदा, जया की 'पानी रे पानी तेरा रंग कैसा' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'सावन बरसता है तुझसे मिलने को' गीत वाली मिथुन, मीनाक्षी की फिल्म-४
२०. जीतेंद्र, रीना राय की 'तेरे हाथों में पहनाके चूड़ियां' गीत वाली फिल्म-२,३
२१. आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली बॉबी देओल, रानी की फिल्म-३
२४. अमिताभ, हेमा मालिनी की 'हो जाता है प्यार' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'पानी पानी रे खारे पानी रे' गीत वाली चंद्रचूड़सिंह, अरशद वारसी, रवि गोसाई, तब्बू की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली - 3560



## सूडोकू -3561

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकू -3560 का हल



## शब्द पहेली - 3561



**बाएँ से दाएँ**

1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह,टीस,लालसा-3
6. हानि,आपत्ति-2
7. दुश्मनी,बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश,आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत,मुसीबत-2
19. शैतानी,बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा,लालसा-4
24. कवि,गजलकार-3
25. जरा,थोड़ा-2
27. मुलायम,नाजुक-3
28. गुफा,खोह-2
29. प्रियतम,सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह.शक्ति-2
3. बिना बाल वारा,गंजा-4
4. पंक्ति,लाइन-3
5. लड़की,पुत्री,बेटी-2
7. वहम,संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा,कसम-3
13. गंगा का पानी-4
15. तीखा,तीक्ष्ण-3
16. आतुर,धैर्यहीन-4
17. संभवत:-3
18. मर्कट,कपि-3
20. गोविंदा,खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22. मनोकामना -4
23. साजन,प्रेमी-3
24. संध्या,सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना,मास-2

शब्द पहेली -3560 का हल



# नोएडा प्राधिकरण की 218वीं बोर्ड बैठक

## जर्जर भवनों के रि-डिवलेपमेंट पॉलिसी, 220 केवी का बिजली घर, 7 और 5 स्टार होटल और मिला इलेक्ट्रानिक सेक्टर

**नोएडा।** नोएडा में जर्जर हो चुकी बहुमंजिला ग्रुप हाउसिंग और श्रमिक कुंज, लो राइज ग्रुप हाउसिंग अपार्टमेंट की लिविंग कंडीशन को सुधार किया जाएगा।

इसके लिए पॉलिसी बनेगी। जिस पर सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। ये मंजूरी नोएडा प्राधिकरण ने अपनी 118वीं बोर्ड में दी। बोर्ड की अध्यक्षता मुख्य सचिव मनोज सिंह ने की।

बैठक में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम, अपर जिलाधिकारी बच्चू सिंह, ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी, एसीईओ यमुना कपिल सिंह, जीडीए के एसीईओ अतुल वत्स मौजूद रहे।

दरअसल ये भवन नोएडा प्राधिकरण की ओर से सन 1980 से लेकर 2000 के बीच बनाए गए। इसमें कोआपरेटिव सोसाइटी और कंपनियों के आवासीय कालोनी भी शामिल है। इनको रि-डेवलेप करने के लिए एक पॉलिसी बनाई जाएगी। जिस पर बोर्ड ने सैद्धांतिक मंजूरी दी है। पॉलिसी में डेवलपर की नियुक्ति, पुनर्विकास के लिए डेवलपर का चयन, निर्माण का क्राइटेरिया अलावा जुर्माना, पुनर्स्थापना के नियम आदि को बनाया जाएगा। इन नियमों के आधार पर केस टू केस स्टडी कर रिडेवलपमेंट किया जाएगा। ये निर्णय काफी महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि हाल ही में सीईओ लोकेश एम ने श्रमिक कुंज का निरीक्षण किया था। वहां फ्लैटों की हालत काफी जर्जर थी।



### 3125 बायर्स की हो गई रजिस्ट्री

बैठक की शुरुआत अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत दिए जाने वाले लाभ से की गई। बताया गया कि 26 जून 2025 तक 57 बिल्डर परियोजनाओं में 34 परियोजनाओं ने इस योजना का लाभ लिया। इन्होंने योजना के तहत 25 प्रतिशत पैसा यानी 518 करोड़ जमा किया।

ये कुल डेवलपर्स का 60 प्रतिशत है। वहीं 13 ऐसे बिल्डर प्रोजेक्ट है। जिन्होंने आंशिक पैसा करीब 25.45 करोड़ रुपए जमा कराए। ऐसे मे कुल 543.45करोड़ रुपए जमा हुए। इससे कुल 4777 रजिस्ट्री कराई जा सकेंगी। जिसमें से 3125 फ्लैट बायर्स की रजिस्ट्री हो चुकी है।

### को-डेवलपर करेंगे योजना पूरा

ग्रुपहाउसिंग भूखंड जीएच-02 सेक्टर-100 स्थित क्लाउड 9 प्रोजेक्ट प्रालि के बायर्स के हितों को देखते हुए इसे लेगेसी स्टाल्ड परियोजनाओं में सम्मिलित किया गया। साथ ही ग्रुप हाउसिंग भूखंड संख्या जीए-01 सेक्टर-118 तथा जीएच-01 सेक्टर-74, जीएच-03 सेक्टर-137 नोएडा की परियोजना को को-डेवलपर के जरिए पूरा कराने का प्रस्ताव दिया गया। जिस पर बोर्ड ने सहमति जाहिर की है।

### 220 केवी का बिजली घर

नोएडा में लगातार बढ़ रहे लोड को देखते हुए मास्टर प्लान 2031 के अनुसार यहां 220 केवी बिजली सब स्टेशन की आवश्यकता होगी। इस स्टेशन का चरणबद्ध तरीके से निर्माण का जो भी खर्च आएगा उनका खर्चा नोएडा प्राधिकरण की ओर से किया जाएगा।

इससे नोएडा को ओवर लोड के बाद भी यहां बिजली की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### इलेक्ट्रानिक उद्योगों के होगा सेक्टर

उप्र सरकार की इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण नीति-2020 (प्रथम संशोधन-2022) को प्राथमिकता देते हुए नोएडा क्षेत्र में इलेक्ट्रानिक्स मैनुफैक्चरिंग यूनिट को बढ़ावा देने के लिए सेक्टर-164 में आवंटन किया जाएगा।

इसके लिए 6 भूखंडों को रिजर्व कर दिया गया है। इन छह भूखंड पर सिर्फ इलेक्ट्रानिक मेन्यूफेक्चरिंग यूनिट को ही स्थापित किया जा सकता है। साथ ही पॉलिसी के तहत जो भी लाभ है कंपनी आवंटी को दिया जाएगा।

### नोएडा में बनेंगे 7 स्टार होटल

नोएडा में अब भी फाइव और सेवन स्टार होटल की कमी है। जबकि यहां नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अलावा इंटरनेशनल फिल्म सिटी, तमाम कंपनियां और इंटरनेशनल इवेंट होते रहते है।

होटल की कमी से यहां आने वाले लोग दिल्ली में रुकते है। अब नोएडा में 7 स्टार एवं 5 स्टार लग्जरी होटल बनाए जाएंगे। इस योजना को पीपीपी मॉडल पर बनाया जाएगा। इसके लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी गई है। इस क्रम में प्राधिकरण शीघ्र ही भूखंड चिह्नित कर योजना निकालेगा।

## निवेश के नाम पर 69 लाख की ठगी

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार और आईपीओ में निवेश कर मुनाफा कमाने का झांसा देकर कारोबारी के साथ 69 लाख 3 हजार रुपए की ठगी कर ली। एक महीने तक ठगों ने पीड़ित से 17 बार में अलग-अलग बैंक खातों में रकम ट्रांसफर कराई। जब पीड़ित पर और रकम निवेश करने का दबाव बनाया जाने लगा तब उसे ठगी की आशंका हुई और उसने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने की पुलिस से की। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है,पुलिस उन खातों की जांच कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में जेपी विश टाउन निवासी विनय कुमार ने बताया कि इसी साल 7 अप्रैल को ए 33 एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज ग्रुप से जोड़ दिया गया। उन्होंने अपने वेब पेज पर एक एडवांस्ड ब्रोकर अकाउंट खोला और ऑफर किया। इसके बाद उन्होंने पैसा निवेश के लिए कहा। इसके लिए चालू खाते का नंबर भी दिया। आईपीओ और ट्रैड की जानकारी लगातार वॉट्सऐप ग्रुप पर दी जाती रही। स्क्रीन शॉट भी डाली जाती रही। जिसमें मुनाफा दिखाया जा रहा था। इसके बाद उन्होंने अलग-अलग अकाउंट दिए। निवेश के लिए कहने पर 17 बार में अलग-अलग खातों में 69 लाख 3 हजार रुपए ट्रांसफर किए। हर बार ऐप की स्क्रीन पर मुनाफा दिखता मिला। पहली बार मुनाफा निकाला तो निकल गया। इससे विश्वास हो गया। इसके बाद पैसे लगाता रहा।

# नोएडा कारोबारी की हत्या में दोनों आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

## इनके पास देसी विदेशी मिलाकर 10.30 लाख बरामद, बदमाश के हैंडलर पिता ने हत्या के बाद किया गाइड

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने मनी एक्सचेंज कारोबारी हत्या के मामले में दोनों आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। इनकी नाम आकाश उपाध्याय और मुकुल शर्मा है। इन दोनों ने नोएडा के सेक्टर-12 के डब्ल्यू-12 में कारोबारी ओमपाल सिंह की गोली मारकर हत्या की थी। इनके पास से 32 बोर की पिस्टल और तमंचा, 4 लाख रुपए, विदेशी कनाडाई करेंसी 9,900 व 30 दिरहम यूनाइटिड अरब। कुल मिलाकर 10 लाख 30 हजार रुपए बरामद किए गए।



### मुठभेड़ के बाद किया गिरफ्तार

डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि थाना सेक्टर-23 पुलिस सेक्टर 54 नोएडा में एलिवेटेड के नीचे पिलर नंबर पी-94 के पास फेस-3 की तरफ जाने वाले रोड पर चेकिंग कर रही थी। एनटीपीसी की तरफ से एक मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने रुकने का इशारा किया। गाड़ी मोड़कर भागने लगे। पुलिस ने पीछाकर रोकने का प्रयास किया। पुलिस के ऊपर जान से मारने की नीयत से फॉयर किया गया। आत्मरक्षा में फायर किया गया। जिसमें दोनों व्यक्ति घायल हो गये।

पूछताछ में बताया गया कि हम दोनों ठगी करने के लिए पहले ऐसे फॉरेन करेंसी एक्सचेंज करने वाले दुकानदारों ढूंढते है जो आसानी से भारतीय रुपयों के बदले फॉरेन करेंसी देने पर राजी हो जाते थे। फिर ये लोग ऐसे मकान को ढूंढते थे। जहां झ्ह-स्ब्झ का बोर्ड लगा रहता था। वहां जाकर मकान मालिक से बात करके मकान किराये पर लेने की बात करके कुछ रुपए टोकन के रूप में देते है। फिर उसी मकान को फॉरेन करेंसी एक्सचेंज करने वाले दुकानदार को अपना मकान बताते है। उसी किराये के मकान पर उसको बुला लेते थे। दुकानदार को यकीन दिलाने के लिये ये दोनों अपने पास भारतीय रुपए रखते थे। जिसे दिखाकर वो दुकानदार का यकीन जीतते है। इसके बदले में उनको फॉरेन करेंसी चाहिए। दुकानदार द्वारा फॉरेन करेंसी लेकर मकान के अन्दर आते ही यह लोग असलहे के बल पर उनसे फॉरेन करेंसी व दुकानदार के पास से भारतीय रुपए लेकर भाग जाते थे। रैकी करने व काम को अंजाम देने के लिए ये लोग चोरी की स्कूटी का प्रयोग करते है।

### मांगे 7 लाख रुपए की कनेडियन करेंसी

आरोपी मुकुल शर्मा निवासी गाजियाबाद व आकाश उपाध्याय निवासी नोएडा ने बताया कि चोरी की स्कूटी पर दोनों ने मृतक ओमपाल भाटी की दुकान सेक्टर 18 साई फोरेक्स ओशन प्लाजा की रैकी की। फिर मृतक ओमपाल भाटी से मोबाइल से संपर्क किया। उसको बताया कि हमे लगभग 7 लाख भारतीय रुपए के बराबर कनेडियन करेंसी की आवश्यकता है। मृतक ओमपाल भाटी को यकीन दिलाने के लिये आकाश उपाध्याय ने लगभग 03 लाख भारतीय रुपये बैंक से अपने अकाउंट से निकालकर अपने पास रखे थे।

# नोएडा के निठारी गांव में दो लोगो का सुसाइड

## दोनों में पारिवारिक कलह आई सामने, खंगाला जा रहा मोबाइल



मृतक राहुल की फाइल फोटो।

**नोएडा।** नोएडा के निठारी गांव में दो लोगों ने फंसी लगाकर सुसाइड कर लिया।

दोनों ही मामले अलग-अलग है। पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दो सुसाइड की सूचना पर गांव में हड़कंप मच गया।

### पहला मामला

थाना सेक्टर 20 के निठारी गांव के गली नंबर -7 में राहुल शर्मा पुत्र वेद प्रकाश शर्मा रहते थे। पारिवारिक कलह के चलते फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। इनकी उम्र 30 साथ थी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने राहुल का मोबाइल जब्त कर लिया है। साथ परिजनों और जानकारों से पूछताछ की जा रही है। शव को कब्जे में लिया गया है। फारेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की है।

### दूसरा मामला

अजय पुत्र जंगली प्रसाद निठारी गांव में राजेश अवाना के मकान में किराए पर रहते थे।

अजय डिलीवरी बॉय का काम करते थे। पारिवारिक कलह के चलते अजय ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। पुलिस ने अजय का मोबाइल भी जब्त कर लिया है। साथ ही परिजनों से पूछताछ की जा रही है। अजय मूल रूप से बुलंदशहर के रहने वाले थे। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# न्यू नोएडा की तय होंगी मुआवजा दरें

## 1 हजार करोड़ किया गया रिजर्व, 80 गांव हैं शामिल; चार फेज में होगा काम

**नोएडा।** न्यू नोएडा के लिए जमीन अधिग्रहण करने की नीति पर काम किया जा रहा है। प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने बताया कि अधिग्रहण प्रक्रिया तभी शुरू होगी जब मुआवजा दर तय हो जाएगी।

जनपद बुलंदशहर के डीएम से लगातार संपर्क किया जा रहा है। सर्किल रेट के अनुसार जल्द ही मुआवजा की दर तय कर दी जाएंगी। इसके विकास के लिए चिह्नित गांवों में इन दिनों बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण हो रहे। वहीं, इन गांवों की जमीनों को आबादी में दर्ज कराने का भी खेल जारी है।

### अधिग्रहण के लिए 1 हजार करोड़ का बजट

औद्योगिक विकास को गति देने के लिए शासन ने जनवरी 2021 में दादरी-नोएडा गाजियाबाद विशेष निवेश क्षेत्र की घोषणा की थी। न्यू नोएडा के विकास के लिए अक्टूबर 2024 में शासन ने अधिसूचना जारी की और इसके विकास का जिम्मा नोएडा प्राधिकरण को सौंपा था।




प्राधिकरण जमीन अधिग्रहण के लिए एक हजार करोड़ का बजट भी स्वीकृत कर चुका है, लेकिन अब तक अधिग्रहण शुरू नहीं हो सका। नए नोएडा में गौतमबुद्ध नगर के अलावा, बुलंदशहर के मिलाकर 80 गांव शामिल है।

### संयुक्त बैठक में तय होगी मुआवजा दर

मुआवजे की दर दोनों जिलों के प्राधिकरण और प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त बैठक में तय होनी है। इसके लिए लंबे समय से किसानों से वार्ता भी चल रही है, लेकिन अब तक मुआवजा दर घोषित नहीं हो सकी है।

मुआवजे को लेकर क्या दरें रखी जाएं, इसके लिए नोएडा प्राधिकरण की समिति अध्ययन कर प्रस्ताव तैयार कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि बोर्ड से जो दरें तय होंगी उस हिसाब से ही किसानों से जमीन ली जाएगी।

### चार फेज में होना है काम

डीएनजीआईआर 80 गांवों की जमीन पर बसाया जाएगा। इसके मास्टर प्लान को चार फेज में पूरा किया जाएगा। 2023-27 तक इसके 3165 हेक्टेयर को विकसित किया जाएगा। इसी तरह 2027 से 2032 तक 3798 हेक्टेयर एरिया को विकसित किया जाएगा। इसके बाद 2032-37 तक 5908 हेक्टेयर और अंत में 2037-41 तक 8230 हेक्टेयर जमीन को विकसित करने का प्लान है।

### आपसी सहमति से ली जाएगी जमीन

प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि न्यू नोएडा के लिए जमीन का अधिग्रहण किसानों से आपसी सहमति के आधार किया जाएगा। यहां मुआवजा रेट क्या होगा इस पर विस्तार से चर्चा की गई। हालांकि अभी कोई निर्णायक फैसला नहीं हुआ है।

सबसे पहले 15 गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। जबकि न्यू नोएडा को 80 गांवों की जमीन पर बसाया जाएगा। प्रत्येक गांव में करीब 200 किसान परिवार है। यानी कुल 16 हजार किसान परिवार है। जिनके साथ बैठक की जाएगी। पहले फेज में 3165 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाना है।

## शार्ट न्यूज

### लापता नाबालिक लड़के का शव नहर से बरामद, दोस्तों पर जताई हत्या की आशंका

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर थाना इलाके के जैतपुर गांव से लगभग 10 जून से गायब 16 साल के नाबालिक लड़के का शव थाना जेवर क्षेत्र के गांव दयानतपुर नहर की पुलिया के पास से बहता हुआ मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। इससे परिवार वालो का रो रो कर बुरा हाल है। जेवर पुलिस ने अज्ञात शव मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम ले लिए भेज दिया है। बता दे कि मृतक की पहचान गायब सन्नी रावल उम्र करीब 16 वर्ष के पिता हरिओम उर्फ सूका निवासी-ग्राम जैतपुर के रूप में हुई है। जिसके संबंध में थाना सूरजपुर पर पहले ही गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज है। परिवार वालों ने दोस्तों पर हत्या करने की आशंका जताई है। पुलिस का कहना है कि सभी बिन्दुओं पर गहनता से जांच करते हुए कार्रवाई की जा रही है।

### अलग-अलग जगह पर फैक्ट्री कर्मी और डिलीवरी ब्वॉय ने फंदा लगाकर किया सुसाइड

नोएडा। सेक्टर 20 थाना क्षेत्र के निठारी गांव में अलग-अलग जगह पर फैक्ट्री कर्मी और डिलीवरी ब्वॉय ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। फैक्ट्री कर्मी का घरेलू कलह में और डिलीवरी ब्वॉय का मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या करना सामने आया है। पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम को भिजवा दिए हैं। नोएडा के निठारी गांव में गली नंबर सात में राहुल शर्मा परिवार के साथ रहते थे। वह फैक्ट्री में काम करते थे। तीन साल पहले शादी हुई थी। उनके पत्नी के अलावा एक बच्ची है। पुलिस के मुताबिक राहुल शर्मा ने पारिवारिक कलह के चलते परेशान चल रहा था, जिसके चलके शनिवार को उसने पंखे के जरिये फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वही बुलंदशहर के छतारी के रहने वाले अजय निठारी गांव के गली नंबर चार में किराये पर रहते थे। वह स्विगी में डिलीवरी ब्वॉय का कार्य करता था। अजय ने शनिवार को अपने कमरे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### ग्रेटर नोएडा में व्यक्ति पर लाठी-डंडों से हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के ऊंची दनकौर में एक व्यक्ति पर पांच लोगों ने हमला कर दिया। पीड़ित मनोज शुक्रवार शाम को ड्यूटी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पड़ोस के पांच लोगों ने रंजिश के कारण उनका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की। विरोध करने पर उन्होंने लाठी-डंडे और लोहे के पंच से हमला कर दिया। मनोज लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। परिजन घायल मनोज को पास के अस्पताल ले गए। वहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रोहित, शिवा, गौतम, बबलू समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### नोएडा की 3 नर्सरी में लगी आग

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-75 स्थित सिक्का कार्मिक सोसाइटी के पास तीन नर्सरी में सिलेंडर फटने से शुक्रवार रात को आग लग गई। आग लगते ही तेज लपटें निकलने लगी। नर्सरी में लगी झुग्गियां जलकर राख हो गई। इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। मौके पर दमकल की तीन गाड़ियों ने आग को बुझा दिया है। करीब 30 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान नर्सरी को नुकसान हुआ है। लेकिन किसी के चोट लगने या हताहत होने की सूचना सामने नहीं आई है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे का कहना है कि सेक्टर-75 के पास कुछ नर्सरी है। नर्सरी में झुग्गियां भी बनी है। एक नर्सरी में सिलेंडर फटने से आग लग गई। इसके बाद तीन नर्सरी व झुग्गियों में आग फैल गई। घटना के वक्त मौके पर कोई नहीं था। सिलेंडर फटने के बाद आग की तेज लपटें निकलने लगी और नर्सरी में रखा सामान, गमले, पौधे जल गए।

### मूलभूत सुविधा न मिलने के कारण लोग परेशान

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित एम्स ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी के लोग मूलभूत सुविधा न मिलने के कारण परेशान है। सोसाइटी के खराब बेसमेंट की हालत ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। आरोप है कि बेसमेंट में पानी भरने के कारण पिलर की मजबूती भी कमजोर हो रही है। सोसाइटी के निवासियों ने बताया कि परिसर में 500 परिवार रहते हैं, लेकिन बिल्डर प्रबंधन द्वारा सोसाइटी का रखरखाव ठीक से नहीं किया जा रहा है। सोसाइटी के बेसमेंट की हालत बेहद ही खराब हो चुकी है, जिसकी देखरेख के लिए लगातार बिल्डर प्रबंधन से बोला जाता है, परंतु प्रबंधन कोई सुनवाई करने के लिए तैयार नहीं है।बेसमेंट के निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है। जगह-जगह गंदा पानी भरा हुआ है, जिसके कारण पिलर की मजबूती भी कमजोर हो रही है। वहीं, बेसमेंट के अंदर मालवा पड़ा है। साथ ही, गंदगी का देर भी लगा हुआ है, जिससे सोसाइटी में संक्रमित बीमारियां फैलने का भी खतरा बना हुआ है।

# ग्रेटर नोएडा में जमीन घोटाला

## 58.90 लाख की धोखाधड़ी में तीन आरोपी गिरफ्तार

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में पुलिस ने जमीन से जुड़े एक बड़े घोटाले का खुलासा किया है। शनिवार को रबूपुरा थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने असंक्रमणीय जमीन को संक्रमणीय बताकर 58.90 लाख रुपये की धोखाधड़ी की।

गिरफ्तार आरोपियों में ओमवीर, उनका बेटा रमन उर्फ रामकुमार और नवल शामिल हैं। तीनों जेवर थाना क्षेत्र के ग्राम झुप्पा के रहने वाले हैं। पुलिस ने इन्हें शनिवार को रबूपुरा कस्बे से गिरफ्तार किया।

मामला शनिवार को पीड़ित की शिकायत पर दर्ज किया गया था।




पुलिस ने रविन्द्र भाटी और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया। जांच के दौरान ओमवीर, रमन और नवल का नाम सामने आया। आरोपियों ने साथियों के साथ मिलकर योजना बनाई।

उन्होंने पीड़ित को असंक्रमणीय जमीन को संक्रमणीय बताकर बेच दिया। जब पीड़ित ने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। रबूपुरा कोतवाली पुलिस का कहना है कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### ग्रेटर नोएडा में जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने की कवायद

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण स्वच्छ जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भूमिगत जलाशयों की सफाई करवा रहा है। यह अभियान पिछले महीने से चल रहा है। अब तक 19 में से 14 जलाशयों की सफाई पूरी हो चुकी है। शेष पांच जलाशयों की सफाई 6 जुलाई तक पूरी कर ली जाएगी। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर जल विभाग ने सफाई कार्य के लिए विस्तृत शेड्यूल जारी किया है। यह शेड्यूल प्राधिकरण की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। सफाई के दौरान प्रभावित क्षेत्रों में पानी का दबाव कम रहने की स्थिति में लोगों की सुविधा के लिए टैंकर की व्यवस्था की गई है।

## नोएडा में अवैध निर्माण पर कार्रवाई

# जून-जुलाई में 20 से अधिक अवैध कालोनियों पर चलेगा बुल्डोजर

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ बड़े अभियान की योजना बनाई है। प्राधिकरण ने पुलिस और प्रशासन के साथ मिलकर कार्रवाई का खाका तैयार किया है। प्राधिकरण ने ग्रामवार क्षेत्रों की पहचान कर ली है।

प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में बिना अनुमति निर्माण प्रतिबंधित है। प्राधिकरण किसानों से जमीन लेकर मास्टर प्लान के अनुसार विकास कार्य करता है। इसमें सड़क, बिजली, पानी, सीवर और हरित क्षेत्र शामिल हैं। प्राधिकरण उद्योग, आवास, शिक्षण संस्थान और अस्पतालों के लिए भूमि आवंटित करता है।

कुछ कालोनाइजर गांवों के आसपास अवैध कालोनियां काट रहे हैं। वे लोगों को झांसा देकर उनकी कमाई लगवा रहे हैं। प्राधिकरण लगातार लोगों को इन कालोनाइजरों से सावधान रहने की चेतावनी देता है।

जून-जुलाई में 20 से अधिक अवैध कालोनियों पर कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण, पुलिस और प्रशासन की हाल ही में हुई बैठक में यह रणनीति तैयार की गई है।

## तीन दिवसीय मेगा शिविर आयोजित होगा

**नोएडा।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) के नोएडा जोन द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए 16 से 18 जून तक तीन दिवसीय मेगा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सेक्टर-20 स्थित विद्युत उपकेंद्र, अधिशासी अभियंता खंड पांचम के कार्यालय परिसर में लगाया जाएगा। शिविर का उद्देश्य बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों, जैसे बिलिंग त्रुटि, मीटर खराब, कनेक्शन संबंधी समस्याओं और अन्य मुद्दों का मौके पर ही निस्तारण करना है। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्यालय से जारी निर्देशों के अनुसार, इस मेगा शिविर के लिए अधीक्षण अभियंताओं को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।ये अधिकारी प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर में दर्ज शिकायतों और उनके समाधान का डेटा मुख्य अभियंता को उपलब्ध कराएंगे। इसके बाद मुख्य अभियंता शाम 7 बजे तक दैनिक प्रगति रिपोर्ट उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के मुख्यालय को भेजेंगे।

# 'जय हो' एक सामाजिक संस्था ने बिजलीघर का किया घेराव

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी में लगातार अघोषित बिजली कटौती को लेकर शनिवार को जय हो एक सामाजिक संस्था ने धूम बिजलीघर का घेराव किया। भीषण गर्मी में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में जय हो एक सामाजिक संस्था के नेतृत्व में सैंकड़ों लोगों ने धूम बिजलीघर का घेराव किया।

लेकिन कोई अधिकारी मौके पर नही पहुँचा और ना ही अधिकारियों ने फोन उठाए काफी नारेबाजी और हंगामा हुआ। जय हो के संस्थापक कपिल शर्मा ने बताया कि कोई अधिकारी मौके पर नही आया अब उन्होंने बताया कि सभी लोग आने वाली 21 जून को अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करेंगे।



इस मौके पर दिनेश भाटी अध्यक्ष जय हो एक सामाजिक संस्था, महासचिव परमानंद कौशिक, सुधीर वत्स, संदीप भाटी, सुनील कश्यप, अभिषेक मैत्रे, जावेद मलिक, नदीम मलिक, विशाल नागर, वसील सैफ़ी, दिलशाद सैफ़ी एवम जुबैर मलिक आदि लोग उपस्थित रहे।

# वाराणसी में भीषण हादसा, बीएसएफ जवान समेत 3 की मौत

## लाश सीट पर चिपकी, दरवाजा काटकर निकाला; ट्रक की टक्कर से कार पिचक गई



**वाराणसी।** वाराणसी-प्रयागराज हाईवे पर शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने कार सवारों को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में कार चला रहे बीएसएफ जवान समेत तीन युवकों की मौत हो गई। एक की हालत नाजुक है। हादसा इतना भयानक था कि कार दो राउंड पलटकर डिवाइडर से टकरा गई। आगे के दोनों दरवाजे खुल गए। बीएसएफ जवान कार से उछलकर नीचे गिरे और उनका सिर डिवाइडर से टकरा गया। मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। जवान के बगल में बैठे विनय भी कार से सड़क पर गिरे और बेहोश हो गए। ड्राइवर के पीछे बैठे युवक की लाश सीट में चिपक गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद दरवाजा काटकर शवों को बाहर निकाला। पूरी कार खून से सन गई थी। हादसे के बाद हाईवे पर 2घरूलंबा जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को हाईवे किनारे लगवाया। करीब 2 घंटे तक बाद जाकर आवाजाही शुरू हो सकी। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हादसा सुबह करीब 10 बजे कछवा रोड स्थित नेशनल हाईवे पर हुआ।

### अब पढ़िए पूरी घटना...

पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान प्रयागराज के सराय नायत थाना क्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीएसएफ जवान अमन यादव उर्फ जीतू, मोहम्मद अफजल उर्फ फैजल (24) और अरबाज (27) के रूप में हुई है।

अमन यादव की वर्तमान तैनाती दिल्ली में थी। वो कुछ दिन पहले ही छुट् ?टी पर घर आए थे। शनिवार को उनको वाराणसी के बीएसएफ कैंट ऑफिस जाना था। वो मारुति नेक्सा की फ्रान्क्स कार से दोस्त विनय के साथ वहां जाने के लिए शनिवार तड़के निकले। अमन कार ड्राइव कर रहे थे, बगल वाली सीट पर विनय बैठे थे।

## आजमगढ़ में ट्राली से दबकर युवक की मौत

**आजमगढ़।** आजमगढ़ के फूलपुर कोतवाली क्षेत्र में आलू लद्दाख ट्रैक्टर बेकाबू होकर पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर के नीचे आ गया और दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। आजमगढ़ जिले के फूलपुर थाना क्षेत्र के खोजापुर के रहने वाले जोगिंदर 34 पुत्र मनकु बालू नदी ट्रैक्टर ट्राली लेकर भर मऊ जा रहा था। भरमऊ पुलिया के पास पहुंचने पर बेकाबू होकर सड़क के किनारे ट्रैक्टर पलट गया जिसके नीचे ट्रैक्टर चालक जोगिंदर आ गया। आसपास के लोगों को जब मामले की सूचना मिली तो मौके पर पहुंचे लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर के नीचे से घायल युवक को बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल भेजा। जहां इलाज के दौरान घायल व्यक्ति की मौत हो गई।

# मुरादाबाद में रेप पीड़िता पर दिनदहाड़े 10 राउंड फायरिंग

## लड़की, मां-भाई को लगी गोली; कोर्ट से लौटते वक्त घेरकर हमला

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में बाइक सवार 3 बदमाशों ने रेप पीड़िता पर 10 राउंड फायरिंग की। पीड़िता मां-भाई के साथ रिक्शे से कोर्ट से लौट रही थी। तभी बाइक सवारों ने ओवरटेक करके रिक्शा रोका। उनपर अंधाधुंध फायरिंग करने लगे।

घटना में पीड़िता के पीठ में गोली का छर्रा लगा है। जबकि पीड़िता की मां-भाई और रिक्शा चालक को भी छर्रा लगा है। तीनों बदमाशों ने हेलमेल पहन रखा था।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। राहगीरों की मदद से पीड़िता, उसकी मां और रिक्शा चालक को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की।

उन्हें सड़क पर कारतूस के 4 खोखे मिले हैं। घटना शनिवार शाम 4 बजे की रामपुर रोड पर रामगंगा नदी पर बने पुल की है। कटघर थाने की पुलिस ने ललित कौशिक और 3 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पीड़िता ने करीब 2 साल पहले पूर्व ब्लॉक प्रमुख और वेस्ट यूपी के गैंगस्टर ललित कौशिक के खिलाफ रेप की एफआईआर राई थी। शनिवार को मामले में सुनवाई थी। लेकिन कोर्ट ने 23 जून को फाइनल आर्ग्यूमेंट की डेट दी है। फाइनल आर्ग्यूमेंट की डेट के 14 दिन के अंदर कोर्ट फैसला सुना देती है। मतलब रेप मामले में फैसला 20 दिन के अंदर आने वाला है।

### सड़क पर मिले 4 खोखे, 1 मिनट में 10 राउंड फायरिंग

घटना के समय रेप पीड़िता अपनी मां और भाई के साथ केस के सिलसिले में कचहरी में अपने वकील से मिलकर वापस घर लौट रही थी। पीड़िता के भाई ने बताया- गैंगस्टर ललित कौशिक ने उसकी नाबालिग बहन के साथ रेप किया था। जिसका मुकदमा 2023 में दर्ज कराया था। मामले की सुनवाई कोर्ट में अंतिम चरण में है।

# यूपी पुलिस में चयनित 401 अभ्यर्थी ललितपुर से लखनऊ रवाना

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती 2023 में चयनित अभ्यर्थियों को कल लखनऊ में नियुक्ति पत्र मिलेगा। ललितपुर से 10 बसों में 401 अभ्यर्थी लखनऊ के लिए रवाना हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। ललितपुर के एडिशनल एसपी कालू सिंह ने बताया कि सभी चयनित अभ्यर्थियों की सुरक्षा के लिए पूरे इंतजाम किए गए हैं। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद 17 जून से सभी अभ्यर्थी अपने-अपने केंद्रों पर ट्रेनिंग शुरू करेंगे। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा बहुउद्देशीय हॉल, रिजर्व पुलिस लाइन्स,ललितपुर में आरक्षी भर्ती-2023 में चयनित अभ्यर्थियो को जनपद लखनऊ में आयोजित आरक्षी नियुक्ति-पत्र वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। सभी चयनित अभ्यर्थियों को गर्मी के मौसम को देखते हुये समय-समय पर पानी पीने व गर्मी से बचने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । एसपी द्वारा जनपद के चयनित सभी अभ्यर्थियों को सफर के दौरान हॉल्ट (ठहरने का स्थान ) की भी जानकारी दी गयी।


पुलिस अधीक्षक द्वारा चयनित अभयर्थियों को वर्तमान में पुलिस की कार्यशैली व ड्यूटी के बारे में विस्तार से बताया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

## शादी के 5 दिन बाद दूल्हे ने किया सुसाइड

**झांसी।** शादी के बाद दुल्हन बहुत खुश थीज्मगर 5 दिन बाद ही उसका सुहाग उजड़ गया। शादी के बाद विदाई होकर वह ससुराल पहुंची और हाथै लगाने की रस्म इंतजार हो रहा था। तभी खबर पहुंची की दूल्हे ने जहर खा गया। परिजन दूल्हे को जिला अस्पताल ले गए। जहां से उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। आज दूल्हे ने दम तोड़ दिया। पूरा मामला महोबा के ननौरा गांव का है। दूल्हे के घरवालों का कहना है कि सुसाइड के कारणों का पता नहीं चल पाया। वहीं, दुल्हन के चाचा का कहना है कि दूल्हा का अपने घरवालों से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। फिलहाल झांसी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# हाथरस डीएम के ड्राइवर की बेटी की हत्या

## बाइक सवारों ने मारी गोली, शॉपिंग करके लौट रही थी




**हाथरस।** हाथरस में बुलेट सवार 2 युवकों ने एक युवती की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली युवती के बाजू और फिर चेस्ट में लगी। युवती हाथरस डीएम राहुल पांडेय के ड्राइवर राकेश कुमार शर्मा की बेटी थी। वह अपनी मां के साथ शॉपिंग करके लौट रही थी। इसी दौरान यह घटना हुई। बाइक सवार युवक मौके से फरार हो गए। वारदात तहसील सदर के पास हुई। मृतका की पहचान कल्पिता शर्मा (24) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई। कल्पिता को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। तहसील सदर के क्वार्टर में राकेश कुमार शर्मा अपनी पत्नी उर्मिला देवी के साथ रहते हैं। राकेश शर्मा के 3 बच्चे थे। कल्पिता शर्मा सबसे छोटी बेटी थी। बाकी दोनों बेटे हैं। बड़े बेटे विशाल की शादी हो चुकी है। कल्पिता शर्मा नर्सिंग का कोर्स कर चुकी थी। उसका रिश्ता भी पिछले दिनों पक्का हो गया था। कल शाम 6 बजे कल्पिता अपनी मां के साथ शॉपिंग करने गई थी। रात करीब 8 बजे मां-बेटी स्कूटी से शॉपिंग करके घर लौट रहे थे। अलीगढ़ रोड के तहसील सदर के गेट के पर दो बुलेट सवार लोगों ने कल्पिता शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली कल्पिता शर्मा के बाजू और फिर चेस्ट में लगी। इस घटना से लोगों में दहशत है। हमलावरों ने तहसील सदर के गेट पर अलीगढ़ रोड पर गोली मारी है। तहसील सदर के आवास में अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ सिटी, दो उप जिलाधिकारी रहते हैं। काफी पुलिस फोर्स रहता है।

इस तरह से हमलावरों अधिकारियों के निवास के सामने गोली मारी है। एक तरह से जिले की कानून व्यवस्था को भी चुनौती दी है।

# वृद्ध महिला ने उपखंड अधिकारी पर लगाए गंभीर आरोप

विशाल इंडिया ब्यूरो



अमित कुमार सिंह
उपखण्ड अधिकारी हुसैनगंज

**लखनऊ।** फूलबाग क्षेत्र निवासी वृद्ध महिला, महशर जहाँ पत्नी स्व मोहम्मद वसीम ने उपखंड अधिकारी हुसैनगंज अमित कुमार सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनकी कार्यप्रणाली की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी द्वारा नियम विरुद्ध और पक्षपात पूर्ण ढंग से कार्य करते हुए बार-बार उनके वैध विद्युत कनेक्शन को बाधित किया जा रहा है। वृद्ध महिला का कहना है कि वह विगत लगभग 60 वर्षों से भवन संख्या 105/233, फूलबाग, थाना कैसरबाग, में अपने परिवार के साथ निवास कर रही हैं। यह भवन उनका एकमात्र आवासीय स्थान है। उनके अनुसार, इस भवन पर उनके ससुर स्व. सुभान बख्श के नाम पर एक वैध विद्युत कनेक्शन वर्षों से सक्रिय है, जिसका बिजली बिल नियमित रूप से जमा किया जा रहा है और इस पर कोई बकाया नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि 11 जून 2025 को उपखंड अधिकारी द्वारा जारी किए गए एक पत्र में गलत दावा किया गया कि दस्तावेज़ों की मांग के बावजूद उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। जबकि महशर जहाँ के अनुसार, उन्होंने पूर्व में सभी आवश्यक दस्तावेज़ मौखिक और लिखित रूप से उपखंड अधिकारी सहित अधिशासी अभियंता और अपर अभियंता को उपलब्ध करा दिए थे।

वृद्धा का कहना है कि एक भूमाफिया मोहम्मद शाहबाज़ खान के साथ मिलीभगत कर उपखंड अधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर झूठी शिकायतें दर्ज कराई जा रही हैं, जबकि शाहबाज़ खान द्वारा उनके कनेक्शन के संबंध में कोई भी शिकायत दर्ज नहीं की गई है। उनका आरोप है कि इस मिलीभगत के तहत विद्युत कर्मियों को बार-बार उनके घर भेजा जाता है जिससे उनका मानसिक उत्पीड़न हो रहा है।

महशर जहाँ ने यह भी दावा किया कि उन्हें सूत्रों से जानकारी मिली है कि उपखंड अधिकारी अमित कुमार सिंह, उक्त भूमाफिया से मिलकर अपर अभियंता के खिलाफ झूठी शिकायतें डलवा रहे हैं और विद्युत संबंधी कार्यों के लिए उपभोक्ताओं से कथित रूप से रिश्वत की मांग करते हैं। उन्होंने मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की जाए।

यह उल्लेखनीय है कि भवन के स्वामित्व को लेकर मामला वाद संख्या 1326/2025 के तहत माननीय सिविल जज (जूनियर डिवीजन), नॉर्थ लखनऊ की अदालत में विचाराधीन है। महशर जहाँ ने शासन-प्रशासन से अपील की है कि उन्हें और उनके परिवार को अनावश्यक उत्पीड़न से मुक्ति दिलाने हेतु उपखंड अधिकारी की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच कराकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाए।

# हापुड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

## मुठभेड़ में पैर में गोली लगी, हथियार और चोरी का माल बरामद

**हापुड़।** हापुड़ नगर पुलिस ने शनिवार को एक बड़ी कामयाबी हासिल की। पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार रुपये का इनामी बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

सीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति बिना नंबर प्लेट की स्कूटी पर क्षेत्र में घूम रहा है। चेकिंग के दौरान बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया। पुलिस पूछताछ में अपना नाम अमित बताया।

अमित सैदपुर इम्मा, थाना असमौली, जनपद सम्भल का रहने वाला है। पुलिस ने मौके से एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए। साथ ही चैन स्नैचिंग से प्राप्त 20,300 रुपये नकद और बिना नंबर की एक्टिवा स्कूटी भी जब्त की गई। घायल बदमाश को तुरंत अस्पताल भेजा गया। पुलिस के अनुसार 29 अप्रैल को हापुड़ सिटी कोतवाली इलाके के अपना घर कॉलोनी में चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम दिया था।

उसके खिलाफ विभिन्न जनपदों में चैन स्नैचिंग, हत्या का प्रयास और आर्म्स एक्ट समेत करीब दो दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

# एसपी ने किया कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण



**ललितपुर।** एसपी ने सदर कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण कर सम्बंधित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा थाना कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय , हवालात, आदि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।थाना कार्यालय/महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देश दिए गए । मुकदमों से संबंधित मालों का विधिक निस्तारण एवं सही रखरखाव, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने आदि के सम्बंध में निर्देशित किया गया । थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब/मादक पदार्थों/पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुये प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली को निर्देशित किया गया कि यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करें एवं चेकिंग के दौरान बिना हेल्मेट/शराब पीकर/फर्राटे भरने वाले आदि वाहन चालको की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

## अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल में अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए लोगों की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर पर सैनी शाक्य मौर्य कुशवाहा माली सभा ने कैंडल मार्च निकाला। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने मृतकों की आत्मशांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही केंद्र और गुजरात सरकार से पीड़ित परिवारों की मदद की मांग की। भाजपा सभासद पति प्रमोद सैनी समेत कई गणमान्य लोग इस अवसर पर मौजूद रहे। ईश्वरचंद सैनी एडवोकेट ने बताया कि 12 तारीख को अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट में 242 यात्री सवार थे। दुर्घटना में सिर्फ एक व्यक्ति बच पाया। विमान एमबीबीएस के छात्रों के अध्ययन क्षेत्र में गिरा। ऋषिपाल सिंह ने कहा कि इस दुर्घटना से सभी को गहरा दुख हुआ है। उन्होंने भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने की कामना की। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# डीआईजी ने थाना समाधान दिवस मे सुनी समस्याएं

## राजस्व की शिकायतों में थाना पुलिस व राजस्व की टीमें मौके पर जाकर करें निस्तारण : डीआईजी



**ललितपुर।** झांसी पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी केशव कुमार चौधरी द्वारा जनपद झाँसी के थाना कोतवाली व रक्सा में आयोजित समाधान दिवस में आये हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया व उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गये। इसके उपरान्त थाना परिसर की साफ सफाई, कार्यालय, पत्रावलियां, रजिस्टरों आदि को चेक किया गया तथा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत शान्ति एवं कानून व्यवस्था अक्षुण्ण बनाये रखने हेतु थाना स्तर की तैयारियों का जायजा लिया गया व थाना क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों से वार्ता कर अनैतिक कार्य/गतिविधि एवं छोटी से छोटी घटना की जानकारी देने हेतु निर्देशित किया गया। तदोपरान्त डीआईजी द्वारा थाना परिसर व कार्यालयों का निरीक्षण कर थाना परिसर की साफ सफाई, कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, CCTNS कक्ष, मालखाना आदि को चेक किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला उत्पीड़न रजिस्टर, सहित अन्य अभिलेखों/पत्रावलियों का अवलोकन कर अभिलेखों को अध्यावधिक रखने के निर्देश दिये गये तथा महिला सम्बन्धी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराने तथा शिकायत के सम्बन्ध में थाना प्रभारी के द्वारा फीडबैक लेने के निर्देश दिए गए। इस दौरान 06 माह से अधिक लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा कर विवेचनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी, सम्मन/वारण्टों का अधिक से अधिक तामीला कराये जाने के कड़े निर्देश दिये गए है। शातिर, अभ्यस्त व हार्डकोर अपराधियों के विरूद्ध अधिक प्रभावी कार्यवाही करते हुए गुण्डा, गैंगस्टर एक्ट, जिलाबदर की कार्यवाही कराते हुये हिस्ट्रीशीट खोलें । सक्रिय गैंग का पंजीकरण करने और पुरस्कार घोषित, गैंगस्टर में वांछित अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश दिये गये। गम्भीर अपराधों के अभियुक्त जैसे हत्या, लूट, डकैती, गैंगरेप, गौ तस्करी, वाहन चोरों, मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही करने तथा गैंगस्टर के अभियुक्तों के विरूद्ध धारा 14(1) अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही के निर्देश दिए गये। विवेचनाओं में गुणवत्तापूर्ण साक्ष्य संकलन करते हुए नए आपराधिक कानून के अन्तर्गत नियमानुसार साक्ष्यों को सम्मिलित करते हुए समय से निस्तारण के निर्देश दिये गए है।

# शार्ट न्यूज

## पत्नी ने पति को चाय में जहर देकर मारा

**महोबा।** महोबा में युवक को उसकी पत्नी ने चाय में जहर देकर मार दिया। एक साल पहले ही दोनों की शादी हुई थी। कुछ महीने से पत्नी का किसी से अफेयर चल रहा था। वह दिनभर चैट करती थी। ससुराल वालों ने मना किया तो वह गुस्सा कर मायके चली गई। शनिवार सुबह पति उसे लाने के लिए ससुराल गया। वहीं पत्नी ने चाय में जहर दे दिया। हालत बिगड़ने पर ससुराल वाले खुद ही अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इधर, ससुराल वालों ने युवक के घर फोन करके कहा कि वह छत से गिर गया है। जिला अस्पताल लेकर जा रहे हैं। मृतक के परिजनों का कहना है कि जब हम लोग जिला अस्पताल पहुंचे, तब तक वो शव को छोड़कर फरार हो चुके थे। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना कबरई थाना क्षेत्र के छानीकला गांव की है।

## सहारनपुर में हरियाणा के तीन लुटेरे अरेस्ट

**सहारनपुर।** सहारनपुर में पुलिस ने तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपी हरियाणा के यमुनानगर जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने इनके पास से चोरी की दो मोटरसाइकिल, एक फर्जी नंबर प्लेट, एक तमंचा, एक कारतूस, एक छुरा और 2350 रुपए नगद बरामद किए हैं। एसएसपी रोहित सिंह सजवान के निर्देश पर चल रहे अभियान में थाना नकुड पुलिस को यह सफलता मिली। पुलिस ने आरोपियों को ईदगाह के पास नसरुल्लागढ़ रोड से शनिवार शाम करीब 5 बजे पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों में सूरज उर्फ गोला, साहब सिंह उर्फ अरुण और धर्मेंद्र शामिल हैं। तीनों हरियाणा के यमुनानगर जिले के फरखपुर थाना क्षेत्र के जोड़िया गांव के रहने वाले हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे दोस्त हैं और हरियाणा में मजदूरी करते हैं। आरोपियों ने आर्थिक तंगी के कारण बाइक चोरी करना शुरू किया। इन्होंने 4 जून को सहारनपुर से एक स्प्लेंडर बाइक चोरी की थी। इस मामले में 5 जून को थाना नकुड़ में मुकदमा दर्ज हुआ था।

## हाईवे पर बाइक और कार की टक्कर

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। लालू खेड़ी चौराहे के पास ओवर ब्रिज पर खड़ी स्विफ्ट डिजायर कार में एक बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार 30 वर्षीय साधना की मौत हो गई। उनके साथ बाइक चला रहे 22 वर्षीय ठाकुर विशाल घायल हो गए। दोनों हरिद्वार से स्नान करके लौट रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को सीएचसी बघरा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने साधना को मृत घोषित कर दिया। विशाल को निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी मानवेन्द्र भाटी ने बताया कि कार के मालिक रविंद्र कुमार शामली के मालेडी गांव के रहने वाले हैं। साधना सहारनपुर के गंगोह थाना क्षेत्र की मछरोली गांव की रहने वाली थीं। विशाल नसीरपुर, तितावी के रहने वाले हैं। पुलिस ने साधना के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों की तरफ से अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस ने कहा कि शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सुल्तानपुर में 2 युवतियों ने दी जान

**सुलतानपुर।** सुल्तानपुर के कुड़वार थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग गांवों से युवतियों की मौत का मामला सामने आया है। रंकेडीह गांव में मोहम्मद मुस्लिम की 18 वर्षीय पुत्री खुशबू का शव फंदे पर लटका मिला। वह इंटरमीडिएट की छात्रा थी। दूसरी घटना दरबार का पुरवा नौगवा रायतासी की है। यहां बाराबंकी की रहने वाली 22 वर्षीय दीक्षा का शव मिला। वह तीन दिन पहले अपने नाना के घर आई थी। कुड़वार थाने के एसओ अमित मिश्रा के अनुसार, दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पहले मामले में अज्ञात के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है, जबकि दूसरे मामले में अभी कोई शिकायत नहीं मिली है। पुलिस ने घटनास्थल पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। मौत के कारणों का अभी कोई स्पष्ट सुराग नहीं मिला है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह आत्महत्या है या फिर कोई अन्य कारण है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हमीरपुर में आकाशीय बिजली से दो की मौत

**हमीरपुर।** हमीरपुर में शाम को हुई बूंदा-बांदी के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। एक महिला झुलस गई। घटना में कुछ पशु भी मारे गए। ललपुरा थाना क्षेत्र के पौथिया गांव के मजरा महमूदपुर में पहली घटना हुई। यहां सतीश के सात वर्षीय बेटे अनुभव और एक भैंस की मौत हो गई। अनुभव की चाची अनीता (45) बुरी तरह झुलस गईं। घटना शाम करीब 4 बजे हुई। अनीता अपने भतीजे के साथ भैंस चरा रही थीं। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशीष सचान घायलों को जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने अनुभव को मृत घोषित कर दिया। सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति ने अस्पताल पहुंचकर परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। दूसरी घटना सुमेरपुर थाना क्षेत्र में हुई। दरियापुर की रहने वाली राधा (35) बकरियां लेकर खेत में गई थी। शाम 4 बजे मौसम बिगड़ने के बाद आकाशीय बिजली गिरी। इससे राधा की मौके पर ही मौत हो गई। राधा सुरेंद्र कुमार प्रजापति की पत्नी थीं। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

## ऑनलाइन नौकरी के नाम पर युवती से ठगी

**गोरखपुर।** गोरखपुर के पीपीगंज इलाके के तुर्कवलिया टोला एकमा गांव की रहने वाली खुशबू यादव ऑनलाइन नौकरी की तलाश कर रही थी। बीते दिनों उसने गूगल पर जॉब सर्च किया, जहां उसे एक वेबसाइट के जरिए नौकरी से जुड़ा विज्ञापन दिखाई दिया। वेबसाइट पर जानकारी देखकर खुशबू को भरोसा हो गया और उसने ऑनलाइन फॉर्म भरकर आवेदन कर दिया। फॉर्म भरने के अगले ही दिन खुशबू के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को उस वेबसाइट से जुड़ी कंपनी का प्रतिनिधि बताया और कहा कि आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब अगला चरण शुरू करने के लिए कंपनी की ओर से उसे लैपटॉप, ट्रेनिंग किट और अन्य ऑफिस सामग्री भेजी जाएगी। इसके लिए कुल तीन लाख पैंसठ हजार रुपये अलग-अलग किस्तों में मांगे गए। कॉल पर विश्वास कर खुशबू ने दिए गए खाते में पहले छोटी-छोटी राशियों में भुगतान किया। बाद में भरोसा बढ़ने पर उसने बड़ी किस्तें भी ट्रांसफर कर दीं। कुल 3.65 लाख रुपये उसने और उसके सहयोगियों ने मिलकर ऐक्सिस बैंक के तीन खातों में जमा किए। रकम भेजने के कुछ ही दिन बाद कॉल्स बंद हो गए और कोई जवाब नहीं मिला। जब न लैपटॉप आया, न ट्रेनिंग शुरू हुई, तब खुशबू को समझ आया कि उसके साथ ठगी हो गई है।

## सोनभद्र में प्रसूता की मौत के बाद कार्रवाई

**सोनभद्र।** सोनभद्र के रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के उरमौरा स्थित रामा अस्पताल में एक गंभीर मामला सामने आया है। सिजेरियन ऑपरेशन के दौरान एक महिला की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई की है। डीएम बीएन सिंह के निर्देश पर सीएमओ डॉ. अश्विनी कुमार ने जांच टीम का गठन किया है। टीम अस्पताल के मानकों और संसाधनों की जांच करेगी। प्राथमिक जांच में पाई गई खामियों के आधार पर अस्पताल का ऑपरेशन थिएटर सील कर दिया गया है। बताते चलें कि चोपन थाना क्षेत्र के कोटा निवासी अंजू 20 वर्ष पत्नी अजय को प्रसव के लिए उरमौरा में संचालित रामा हॉस्पीटल लाया गया था। पति अजय का आरोप था कि सीजेरियन ऑपरेशन के बाद उसकी पत्नी की तबियत काफी बिगड़ गई। अस्पताल प्रबंधक द्वारा पत्नी को बेहोश होने की बात कहकर, एक प्राइवेट एंबुलेंस के जरिए वाराणसी भेज गया। एंबुलेंस में बैठने के बाद जब उसने पत्नी की नब्ज टटोली तो देखा कि पत्नी की सांसें थम चुकी है। किसी तरह वह, एंबुलेंस को घुमवाकर घर की ओर पहुंचा। परिवार के लोगों द्वारा एतराज किए जाने के बाद एएसपी मुख्यालय अनिल सिंह ने नाराजगी जता रहे परिजनों को मामले में कड़ी कार्रवाई का भरोसा देकर शांत कराया, तब परिवार के लोग शव का पीएम कराने के लिए तैयार हुए थे।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
रविवार 15 जून 2025
Www.vishalindia.in

## संक्षिप्त समाचार

### फ्रांस दौरे पर जयशंकर की मैक्रों से मुलाकात, आतंकवाद के खिलाफ समर्थन पर जताया आभार

**पेरिस, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से पेरिस में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं राष्ट्रपति मैक्रों को पहुंचाईं और आतंकवाद के खिलाफ भारत को मिले फ्रांस के मजबूत समर्थन के लिए उनका आभार जताया। सोशल मीडिया पर जयशंकर ने दी जानकारी जयशंकर ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति मैक्रों से मिलकर सम्मानित महसूस किया। पीएम मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं और आतंकवाद के खिलाफ फ्रांस के मजबूत समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत में आपसी विश्वास, सहजता और रणनीतिक साझेदारी की महत्वाकांक्षा स्पष्ट रूप से दिखी। बता दें कि जयशंकर इन दिनों अपने यूरोप दौरे पर हैं, जहां वे भारत और यूरोपीय देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति को दोहराने में जुटे हैं, खासकर 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से। इसके साथ ही जयशंकर ने फ्रांस के मार्से शहर में आर्मेनिया के विदेश मंत्री अरारत मिर्जोयान से भी मुलाकात की। जयशंकर ने इसे महत्वपूर्ण बातचीत बताया, जिसमें दोनों देशों के बीच सहयोग और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई। इससे पहले जयशंकर ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की थी और भारत-ईयू रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा की थी।

### इजराइल को ''कड़ी सजा'' दी जाएगी: खामनेई

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने शुक्रवार को कहा कि उनके देश पर हमले के लिए इजराइल को ''कड़ी सज़ा'' दी जाएगी। ईरान की सरकारी सामाचार एजेंसी 'आईआरएनए' ने खामनेई के बयान को जारी किया। इसने पुष्टि की कि हमले में सेना के शीर्ष अधिकारी और वैज्ञानिक मारे गए हैं। खामनेई ने कहा कि उनके देश में हुए इस अपराध में ''इजराइल के शैतानी और रक्त-रंजित हाथ शामिल हैं''। उन्होंने कहा कि इजराइल ने आवासीय इलाकों पर हमला करके अपनी दुर्भावनापूर्ण प्रकृति को उजागर किया है।

### ईरान का इजराइल पर जवाबी हमला :100 से ज्यादा ड्रोन दागे

**तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी।** ईरान ने इजराइल पर जवाबी हमले में 100 से ज्यादा ड्रोन दागे हैं। इजराइल डिफेंस फोर्सेस ने कहा है कि ये ड्रोन अगले 1 से 2 घंटे में इजराइल पहुंच सकते हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक ढ्ढष्ठस्न ने चेतावनी दी है कि ईरान जल्द ही एक बड़ा मिसाइल हमला कर सकता है। इससे पहले आज सुबह इजराइल ने ईरान पर 200 फाइटर जेट्स से हमला किया था। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इजराइली सेना ने तेहरान के आसपास कम से कम 6 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इन 6 में से 4 जगहों पर परमाणु ठिकाने भी मौजूद हैं। ईरान के सरकारी मीडिया ने पुष्टि की है कि इजराइली हमले में इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के कमांडर हुसैन सलामी की मौत हो गई है। अल-जजीरा के मुताबिक हमले में ईरान के दो प्रमुख परमाणु वैज्ञानिक मोहम्मद मेहदी तेहरांची और फरदून अब्बासी भी मारे गए हैं। इजराइल ने यह दावा किया है कि हमले में ईरान के आर्मी चीफ मोहम्मद बाघेरी, सेना के अन्य बड़े अधिकारी और कुछ वरिष्ठ परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गए हैं। इस बीच, ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामनेई ने कहा कि हमारी सेना इजराइल को सजा दिए बिना नहीं जाने देगी।

### उत्तर-पश्चिमी कांगो में नौका डूबने से 30 लोगों की मौत

**किंशासा , एजेंसी।** मध्य अफ्रीकी देश कांगो के उत्तर-पश्चिमी इक्वेटर प्रांत में खराब मौसम के कारण एक नौका के डूब जाने से कई छात्रों सहित कम से कम 30 यात्रियों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों और मीडिया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कई लोग अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है। क्षेत्रीय प्रशासक जस्टिन मपुतु ने स्थानीय मीडिया को बताया कि नौका बिकोरो क्षेत्र में टुम्बा झील के किनारे ग्रामीणों और सामान को ले जा रही थी, जब बुधवार देर रात यह डूब गई। उन्होंने बताया कि 30 शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि कई अन्य लोग लापता हैं।

### अमेरिकी सांसदों ने एअर इंडिया विमान दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सांसदों ने बृहस्पतिवार को हुई एअर इंडिया विमान दुर्घटना पर संवेदना व्यक्त की है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि वाशिंगटन इस घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है और प्रभावित लोगों की मदद के लिए काम कर रहे आपातकालीन कर्मियों के साथ खड़ा है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की सदस्य ग्रेस मेंग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह भारत में हुए घातक विमान हादसे के बारे में जानकर बहुत दुखी हैं। सांसद ब्रायन फिट्जपैट्रिक, न्यूयॉर्क राज्य से सीनेटर जेरेमी कूनी और सांसद राजा कृष्णमूर्ति समेत अमेरिका के कई सांसदों एवं संस्थाओं ने भी इस दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया। लंदन के गैटविक जा रहा एअर इंडिया का विमान बृहस्पतिवार दोपहर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद एक आवासीय इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# ईरान पर हमले के बाद पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की दो टूक, कहा- हमने सबक सिखाया, खतरे को कम किया

**तेल अवीव, एजेंसी।** ईरान पर किए गए हमले की इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि हमारे हमले का उद्देश्य ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के खतरे को कम करना है। हमें उम्मीद है कि ईरान को करारा सबक सिखाया गया है। उम्मीद है कि यह अब दोबारा नहीं होगा।

**खतरे के खत्म न होने तक जारी रहेगा ऑपरेशन राइजिंग लायन त्न** इस्राइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने ऑपरेशन राइजिंग लायन शुरू करने का एलान किया। उन्होंने कहा कि इस्राइल ने ईरानी ठिकानों पर हमला किया है। कुछ ही समय पहले इस्राइल ने ऑपरेशन राइजिंग लॉयन शुरू किया, जो इस्राइल के अस्तित्व के लिए ईरानी खतरे को कम करने के लिए सैन्य अभियान था। उन्होंने कहा कि यह मिशन खतरे को खत्म करने के लिए जितने दिन लगेंगे, उतने दिन तक जारी रहेगा।

**वैश्विक चेतावनियों को नजरअंदाज कर रहा ईरान :** उन्होंने ईरान पर वैश्विक चेतावनियों को दरकिनार करते हुए परमाणु हथियार कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में ईरान ने नौ परमाणु बमों के लिए पर्याप्त संवर्धित यूरेनियम का उत्पादन किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि तेहरान ने यूरेनियम को हथियार बनाने के लिए कदम उठाए हैं। और कुछ ही महीनों में परमाणु हथियार विकसित कर सकता है। उन्होंने मौजूदा हालात की तुलना द्वितीय विश्व युद्ध की प्रस्तावना से



की। नेतन्याहू ने कहा कि अस्सी साल पहले यहूदी लोग नाजी शासन द्वारा किए गए नरसंहार के शिकार थे। आज यहूदी राज्य ईरानी शासन द्वारा किए गए परमाणु नरसंहार का शिकार होने से इनकार करता है।

**परमाणु ठिकानों पर किया हमला :** नेतन्याहू ने घोषणा की कि प्रधानमंत्री के रूप में मैंने इसे बार-बार स्पष्ट कर दिया है। इस्राइल उन लोगों को कभी भी यह लक्ष्य हासिल करने के साधन विकसित करने की अनुमति नहीं देगा जो हमारे विनाश का आह्वान करते हैं। इस्राइल उन शब्दों को कार्रवाई के साथ समर्थन देता है। हमने ईरान के परमाणु संवर्धन कार्यक्रम के केंद्र पर हमला किया। हमने ईरान के परमाणु हथियारीकरण कार्यक्रम के केंद्र पर हमला किया। हमने नतांज़ में ईरान की मुख्य संवर्धन सुविधा को निशाना बनाया। हमने ईरानी बम पर काम कर रहे ईरान के प्रमुख परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाया। हमने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के केंद्र पर भी हमला किया।

**ईरान के मिसाइल विकास को लेकर चेताया :** इस्राइल के पीएम ने ईरान के मिसाइल विकास से बढ़ते खतरों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पिछले साल ईरान ने इस्राइल पर 300 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। इनमें से प्रत्येक मिसाइल में एक टन विस्फोटक होता है और इससे सैकड़ों लोगों की जान को खतरा है। ये मिसाइलें परमाणु पेलोड ले जा सकती हैं, जिससे सैकड़ों नहीं, बल्कि लाखों लोगों की जान को खतरा हो सकता है। ईरान तीन साल के भीतर 10,000 बैलिस्टिक मिसाइलें बनाने की तैयारी कर रहा है। अगर न्यूजर्सी के आकार के देश पर 10,000 टन टीएनटी गिरे। यह एक असहनीय खतरा है। इसे रोका जाना चाहिए।

**हमारे लोग और सैनिक शेर की तरह :** नेतन्याहू ने कहा कि ईरान की इस्राइल को नष्ट करने की नई योजना में देश को क्षेत्रीय प्रॉक्सी के साथ घेरना और सीधे हमले करना शामिल है। लेकिन इस्राइल के लोग और सैनिक हमारे देश की रक्षा के लिए शेरों की तरह उठ खड़े हुए। हमने हमास को कुचल दिया। हमने हिजबुल्ला को तबाह कर दिया। हमने सीरिया और यमन में ईरानी प्रॉक्सी को मारा। जब ईरान ने पिछले साल दो बार हम पर सीधा हमला किया, तो हमने ईरान के अंदर ही जवाबी हमला किया। फिर भी खुद की रक्षा करते हुए हम दूसरों की भी रक्षा करते हैं।

**हिजबुल्ला को खत्म किया, सीरिया में असद शासन का अंत किया :** उन्होंने कहा कि इस्राइल की कार्रवाई उसकी सीमाओं से परे तक फैली हुई है। हम अपने अरब पड़ोसियों की रक्षा करते हैं। वे भी ईरान के अराजकता और नरसंहार के अभियान से पीड़ित हैं। ईरान के प्रॉक्सी हिजबुल्ला के खिलाफ हमारी कार्रवाई से लेबनान में एक नई सरकार की स्थापना हुई और सीरिया में असद के हत्यारे शासन का पतन हुआ। उन दोनों देशों के लोगों के पास अब एक अलग और बेहतर भविष्य का मौका है।

**ईरानियों से बोलेः हमारी लड़ाई आपसे नहीं :** ईरानियों को संबोधित करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि हमारी लड़ाई आपसे नहीं है। हमारी लड़ाई उस क्रूर तानाशाही से है जिसने 46 वर्षों तक आप पर अत्याचार किया है। मेरा मानना है कि आपकी मुक्ति का दिन निकट है। जब ऐसा होगा तो हमारे दो प्राचीन लोगों के बीच महान मित्रता एक बार फिर पनपेगी। हम दुनिया के सबसे खतरनाक शासन को दुनिया के सबसे खतरनाक हथियार नहीं मिलने देंगे। ईरान उन परमाणु हथियारों को अपने आतंकवादी सहयोगियों को देने की योजना बना रहा है। इससे परमाणु आतंकवाद का दुःस्वप्न और भी वास्तविक हो जाएगा। ईरान की बैलिस्टिक मिसाइलों की बढ़ती रेंज उस परमाणु दुःस्वप्न को यूरोप के शहरों और अंततः अमेरिका तक ले आएगी। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान इस्राइल को छोटा शैतान कहता है। वह अमेरिका को बड़ा शैतान कहता है। इसलिए दशकों से उसने लाखों लोगों को इस्राइल और अमेरिका के लिए मौत के नारे लगाने के लिए प्रेरित किया है।

## किसी भी समस्या का समाधान कर सकता हूं, भारत और पाकिस्तान को एक साथ ले आऊंगाः ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से दुश्मनी रही है और वह दोनों देशों को एक साथ ले आएंगे। ट्रंप ने दावा किया कि वह किसी भी समस्या का समाधान कर सकते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' में एक विधेयक पर हस्ताक्षर के लिए आयोजित समारोह में ट्रंप ने एक सवाल के जवाब में कहा, हम उन दोनों (भारत और पाकिस्तान) को एक साथ लाने जा रहे हैं। मैंने उनसे-भारत और पाकिस्तान से कहा कि कश्मीर को लेकर दोनों देशों के बीच लंबे समय से दुश्मनी है और मैं कुछ भी हल कर सकता हूं। भारत लगातार यह कहता रहा है कि कश्मीर एक द्विपक्षीय मुद्दा है और इसमें किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की कोई गुंजाइश नहीं है। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने दोनों देशों से पूछा कि यह दुश्मनी कब से चली आ रही है, तो उन्होंने कहा 2,000 साल से, जिस पर उन्होंने (ट्रंप ने) मुस्कुराते हुए जवाब दिया, ओह, यह एक बड़ी समस्या है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने फोन पर बातचीत और व्यापार के जरिये भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष रुकवाने का अपना दावा दोहराया। उन्होंने कहा, मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोका, मैंने इसे व्यापार के जरिये रोका। मुझे नहीं लगता कि मैंने इसके बारे में कभी कोई खबर लिखी हुई देखी है, लेकिन यह बहुत, बहुत बढ़िया था। वे तैयारी कर रहे थे। ट्रंप ने कहा कि हमला करने की बारी पाकिस्तान की थी और अंततः वे परमाणु हथियारों का रुख करते। उन्होंने कहा, लेकिन मैंने इसे रोक दिया। मैंने दोनों से बात की, मैं दोनों देशों के नेताओं का बहुत सम्मान करता हूं। मैं उन्हें जानता हूं और मैंने उनसे बात की। मैंने व्यापार के बारे में बात की। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के नेताओं से कहा कि अगर आप युद्ध में उलझेंगे, एक-दूसरे पर परमाणु हथियार दागेंगे, तो आप अमेरिका के साथ व्यापार नहीं कर पाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मैंने यह बात उन दोनों (भारत और पाकिस्तान के नेताओं) से कही। उन्होंने मेरी बात को बखूबी समझ लिया और (संघर्ष) रोक दिया।

## कैलिफोर्निया से तकरार तेजः ट्रंप ने रोका गैस संचालित कारों पर बैन, इलेक्ट्रिक कारों की क्षमता पर भी उठाए सवाल

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कैलिफोर्निया की सरकार के बीच तकरार दिन-प्रतिदिन और गहराता ही जा रहा है। इसी बीच ट्रंप ने गुरुवार को एक ऐसा प्रस्ताव साइन किया, जिससे कैलिफोर्निया में 2035 तक नई गैस से चलने वाली कारों की बिक्री पर बैन लगाने का कानून रुक गया। ट्रंप ने इस कानून को पागलपन भरा और देश के लिए विनाशकारी बताया। बता दें कि राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान तीन अहम प्रस्तावों पर हस्ताक्षर किए, जिसमें कैलिफोर्निया के गैस कारों पर बैन को रोकना, भारी ट्रकों से निकलने वाले धुएं पर लगाम के नियम हटाना और टेलपाइप से होने वाले प्रदूषण को कम करने वाली नीतियों को खत्म करना शामिल है। इतना ही नहीं व्हाइट हाउस में ट्रंप ने इलेक्ट्रिक कारों की क्षमता और भरोसे पर सवाल उठाए, लेकिन एलन मस्क की कंपनी के लिए कुछ सकारात्मक बातें भी कहीं, हालांकि दोनों के रिश्ते हाल में तनावपूर्ण रहे हैं। ट्रंप के प्रस्ताव पर दस्तखत होने से पहले ही कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बॉन्टा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि राज्य इस कदम को अदालत में चुनौती देगा। उन्होंने कहा कि ये फैसले न सिर्फ अवैध हैं, बल्कि राजनीतिक बदले की भावना से भरे हुए हैं।

# हेगसेथ बोले- जरूरत पड़ने पर ग्रीनलैंड-पनामा पर कब्जा करेंगे, सिग्नल चैट के इस्तेमाल पर जवाब देने से इनकार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि जरूरत पड़ने पर पेंटागन ने ग्रीनलैंड और पनामा पर बलपूर्वक कब्जा करने की योजना बनाई है। कांग्रेस की तीखी बहस के दौरान बृहस्पतिवार (स्थानीय समयानुसार) को जब उनसे सिग्नल चैट के इस्तेमाल के बारे में पूछा गया तो उन्होंने जवाब देने से इनकार कर दिया। अमेरिकी संसदीय समिति- हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी की बैठक के दौरान डेमोक्रेटिक सदस्यों ने हेगसेथ से कई तीखे सवाल पूछे। सबसे कठिन सवाल सैन्य दिग्गजों की ओर से पूछे गए। इस दौरान हेगसेथ ने पेंटागन प्रमुख के रूप में अपने कार्यों के बारे में पूछे गए कई सवालों के सीधे जवाब देने से बचने की कोशिश की, जिससे बहस और तेज हो गई। हमारा काम संभावित स्थिति के लिए योजना बनानाः हेगसेथ प्रतिनिधि एडम स्मिथ ने हेगसेथ से जब पूछा कि क्या पेंटागन ने ग्रीनलैंड या पनामा पर जबरन कब्जा करने की कोई योजना बनाई है, तो उन्होंने जवाब दिया, हमारा काम हर संभावित स्थिति के लिए योजना बनाना होता है। हेगसेथ के गोलमोल जवाब पर सांसद टर्नर ने किया हस्तक्षेप यह सामान्य बात है कि पेंटागन कई ऐसे संघर्षों की योजना बनाता है जो हो भी सकते हैं और नहीं भी। लेकिन जब हेगसेथ ने इस पर बार-बार गोलमोल जवाब दिए, तो एक



रिपब्लिकन सांसद माइक टर्नर ने हस्तक्षेप किया। उन्होंने कहा, आपकी गवाही का मतलब यह नहीं है कि पेंटागन ग्रीनलैंड पर हमला करने की तैयारी कर रहा है, सही है? हम ग्रीनलैंड के साथ मिलकर काम करना चाहते हैंः हेगसेथ जैसे ही हेगसेथ ने आकस्मिक योजनाओं के बारे में फिर से वही जवाब दोहराया, तो टर्नर ने जोर देकर कहा, मुझे उम्मीद है कि आप ऐसा ही कहेंगे। इस पर हेगसेथ ने जवाब दिया, हम ग्रीनलैंड के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं ताकि वो किसी भी संभावित खतरे से सुरक्षित रहे। डेमोक्रेट्स की नाराजगी और तीखे आरोप बार-बार सांसदों ने हेगसेथ पर कई सवालों के जवाब नहीं देने का आरोप लगाया, खासकर कैपिटल हिल परपिछले दो दिनों की सुनवाई में। इस दौरान सांसद सालुद कार्बाजल इतने नाराज हो गए कि उन्होंने कहा, आप इस देश के लिए शर्म की बात हैं। आप नेतृत्व के लायक नहीं हैं। आपको तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।

सिग्नल चैट पर गोपनीय जानकारी के सवाल तीखी बहस

हेगसेथ पर आरोप है कि उन्होंने दो सिग्नल चैट का इस्तेमाल कर यमन में किए जाने वाले अमेरिकी हमलों की जानकारी अपने परिवार और कुछ अधिकारियों के साथ साझा की। इस पर सवाल उठे कि क्या उन्होंने गोपनीय जानकारी लीक की है? इस पर हेगसेथ ने जवाब दिया कि उन्होंने जो भी जानकारी साझा की, वह गोपनीय नहीं थी। लेकिन सांसद सेठ मौलटन (जो खुद मरीन सेना में रह चुके हैं) ने कहा, आपको अच्छी तरह पता होना चाहिए कि कौन-सी जानकारी गोपनीय है। हेगसेथ ने अपने जवाब में कहा कि जो बात साफ है वो ये कि ये एक सफल सैन्य अभियान था।

## दुख की घड़ी में हैं भारत के साथ, अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर दुनिया भर के नेताओं ने जताया शोक

**वाशिंगटन, एजेंसी।** गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को हुए विमान हादसे ने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी सहित कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने शोक व्यक्त किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रामफोसा ने लिखा, दक्षिण अफ्रीका की संवेदनाएं भारत, ब्रिटेन, पुर्तगाल और कनाडा की सरकारों और लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अहमदाबाद में आज (गुरुवार को) हुए हृदय विदारक हवाई हादसे में अपने नागरिकों को खो दिया। हम आपके दुख में शामिल हैं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। जॉर्जिया मेलोनी ने एक्स पर लिखा, अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे से बहुत दुखी हूं। इटली सरकार और अपनी ओर से मैं पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं और इस दुख की घड़ी में भारतीय लोगों के साथ अपनी पूरी एकजुटता व्यक्त करती हूं। यूरोपियन



कमीशन के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा, भारत से अहमदाबाद में विमान दुर्घटना की दुखद खबर आई है। इस भयानक क्षति के पीड़ित परिवारों और प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। हम आपके दर्द को साझा करते हैं। यूरोप इस दुख की घड़ी में भारत के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने भी हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, अहमदाबाद में 242 यात्रियों को ले जा रहे एयर इंडिया विमान की दुखद दुर्घटना से स्तब्ध हूं। हम सभी शोक संतप्त लोगों और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना में शामिल हैं। बांग्लादेश इस कठिन समय में भारत के लोगों और सरकार के साथ एकजुटता में खड़ा है। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमरा दिसानायके ने कहा, अहमदाबाद के पास एयर इंडिया की उड़ान एआई171 के दुर्घटनाग्रस्त होने से बहुत दुखी हूं। हम विमान में सवार सभी प्रभावित लोगों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। नागरिक का हताहत होना भी उतना ही दुखद है, जिनमें युवा मेडिकल छात्र भी शामिल हैं, जिनका जीवन और भविष्य इस त्रासदी से प्रभावित हुआ है। इस गहरे दुख की घड़ी में, श्रीलंका के लोग भारत के साथ एकजुटता में खड़े हैं। भारत स्थित ईरानी दूतावास में विमान हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। दूतावास के बयान में कहा गया, इस्लामी गणराज्य ईरान यात्री विमान की दुखद दुर्घटना पर अपना गहरा दुख और हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है। हम भारत सरकार और भारत के लोगों, विशेष रूप से पीड़ितों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं।

## लॉस एंजिलिस में विरोध प्रदर्शन के दौरान नेशनल गार्ड की तैनाती अवैध; संघीय जज का आदेश

**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी।** लॉस एंजिलिस में आव्रजन के विरोध में चल रहे प्रदर्शनों के दौरान नेशनल गार्ड की तैनाती के फैसले को संघीय अदालत ने खारिज कर दिया है। संघीय न्यायाधीश ने एक आदेश में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कैलिफोर्निया से नेशनल गार्ड हटाने के लिए कहा है। आदेश में कहा गया कि गार्ड की तैनाती अवैध है। यह 10वें संशोधन का उल्लंघन है तथा ट्रंप के वैधानिक अधिकार का अतिक्रमण है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश चार्ल्स ब्रेयर ने कहा कि आव्रजन दमन के विरोध में शुरू हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में करीब चार हजार नेशनल गार्ड की तैनाती का आदेश देकर अपनी सीमा का अतिक्रमण किया है। कोर्ट ने कहा कि ट्रंप ने पहले ही गार्ड को उचित तरीके से नहीं बुलाया था। जज ने कहा कि इस देश की स्थापना एक राजा के प्रति सम्मान के रूप में की गई थी, और संविधान सीमाओं का एक दस्तावेज है। मैं यह पता लगाने का प्रयास कर रहा हूं कि सीमाएं कहां खींची गई हैं? कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने नेशनल गार्ड की तैनाती को रोकने के लिए मुकदमा दायर किया था। उन्होंने आपातकालीन याचिका दायर कर जज से गार्ड को आव्रजन छापों में सहायता करने से रोकने का अनुरोध किया। गवर्नर ने तर्क दिया कि सैनिकों को संघीय भवनों की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। कोर्ट से अपील की गई थी



कि सैनिकों को छापों के दौरान आव्रजन एजेंटों की सुरक्षा करने से रोके। उन्होंने कहा कि गार्ड को शामिल करने से केवल तनाव बढ़ेगा और नागरिक अशांति को बढ़ावा मिलेगा। मेजर जनरल स्कॉट शेरमैन ने कहा कि बुधवार तक लगभग 500 गार्ड सैनिकों को आव्रजन अभियानों में एजेंटों के साथ जाने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। एजेंटों को सुरक्षा प्रदान करने वाले गार्ड सैनिकों की तस्वीरें आव्रजन अधिकारियों द्वारा पहले ही प्रसारित की जा चुकी हैं। शेरमैन टास्क फोर्स 51 के कमांडर हैं, जो लॉस एंजिलिस में भेजे गए गार्ड सैनिकों और मरीन की देखरेख कर रहे हैं। बता दें कि ट्रंप प्रशासन ने हालिया विरोध प्रदर्शनों के बाद लॉस एंजिलिस में 4,000 नेशनल गार्ड और 700 मरीन तैनात किए हैं। मामले में ट्रंप प्रशासन का कहना है कि ये तैनाती फेडरल इमारतों और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए है।

## इजराइल ने ईरान के 4 एटमी ठिकाने तबाह किए: 2 सैन्य अड्डे भी बर्बाद, सेना प्रमुख, स्पेशल फोर्स चीफ और दो परमाणु वैज्ञानिकों की मौत

**तेहरान, एजेंसी।** इजराइल ने शुक्रवार सुबह ईरान के एटमी और दूसरे सैन्य ठिकानों पर बड़ा हमला किया है। इसमें ईरान के 2 बड़े सैन्य अधिकारी और 2 परमाणु वैज्ञानिक मारे गए हैं। एक सीनियर ईरानी अधिकारी ने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया कि राजधानी तेहरान में शाहरक शाहिद महालती नामक जगह पर हमला हुआ। यहां पर हाई रैंक वाले ईरानी सैन्य अफसर रहते हैं। हमले में 3 इमारतें तबाह हो गई हैं। एक इजराइली सैन्य अधिकारी ने दावा किया कि ईरान गुपचुप तरीके से परमाणु हथियार बना रहा है और उसके पास कुछ ही दिनों में 15 परमाणु बम बनाने लायक सामग्री है। इसे रोकने के लिए यह हमला किया गया। इजराइल के हमले में ईरान के अर्धसैनिक बल 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के प्रमुख जनरल हुसैन सलामी की मौत हो गई। देश के सरकारी टेलीविजन ने अपनी खबर में यह जानकारी दी। टेलीविजन में समाचार प्रस्तोता ने एक बयान पढ़ा जिसमें कहा गया, ''जनरल हुसैन सलामी की हत्या कर दी गई है।'' हालांकि बयान में इसके अलावा कोई जानकारी नहीं दी गई। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल ने ईरान के परमाणु और सैन्य स्थलों, उसके परमाणु कार्यक्रम का नेतृत्व करने वाले अधिकारियों और उसके बैलिस्टिक मिसाइल शस्त्रागार को निशाना बनाया है।

### उन 6 जगहों के बारे में जानिए जहां हमला हुआ

1. **नतांज- ईरान का मेन परमाणु फैसिलिटी सेंटर :** हमला क्यों हुआ- यहां एडवांस सेंट्रीफ्यूज लगे हैं जो यूरेनियम को हथियार-योग्य स्तर तक ले जा सकते हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने इसे ईरान का सबसे बड़ा परमाणु खतरा बताया। आईएईए रिपोर्ट- साइट को भूमिगत 7.6 मीटर मोटी दीवार से ढका गया था, लेकिन फिर भी हमले में मुख्य ट्रांसफॉर्मर को नुकसान हुआ।

2. **तेहरान- ईरान की राजधानी, कई अहम मिलिट्री ठिकाने :** ईरान की राजधानी, जहां प्रमुख सैन्य और परमाणु अधिकारी रहते हैं। यहां पर आईआरजीसीकमांडर हुसैन सलामी, सेनाध्यक्ष मोहम्मद बघेरी और परमाणु वैज्ञानिकों के ठिकानों पर हमला किया गया। हमला क्यों हुआ- इजराइल ने नेतृत्व पर सीधा हमला कर यह जताया कि वो ईरान के सबसे सुरक्षित केंद्रों तक पहुंच सकता है।

3. **इस्फहान- परमाणु टेक्नोलॉजी सेंटर :** इस शहर में यूरेनियम कन्वर्जन फैसिलिटी है, जहां कच्चे यूरेनियम को गैस में बदला जाता है। यहां न्यूक्लियर फैसिलिटी की शुरुआत साल 1999 में हुई। इस शहर में ईरान का एक बड़ा एयरबेस भी है, यहां पुराने अमेरिकी स्न-14 टॉमकैट फाइटर जेट रखे गए हैं, जो ईरान ने 1979 की क्रांति से पहले खरीदे थे। माना जा रहा है कि इस बार के हमले में एयरबेस पर स्थित एक रडार केंद्र को निशाना बनाया गया था। इस्फहान में हथियार बनाने वाली फैक्ट्रियां भी हैं, जिनमें से एक पर पिछले साल भी इजराइल ने हमला किया था। इस बार 3 ड्रोन से यहां हमला हुआ। ईरानी अधिकारियों ने कहा कि दो ड्रोन मार गिराए गए और एक ने फैक्ट्री की छत को थोड़ा नुकसान पहुंचाया।

हमला क्यों हुआ- ईरान की वायुसेना और रक्षा सिस्टम को कमजोर करना और हिजबुल्लाह जैसे संगठनों को हथियार मिलने से रोकना।

4. **अराक- हैवी वाटर रिएक्टर :** अराक में हैवी वाटर रिएक्टर है। इससे प्लूटोनियम बन सकता है। यह परमाणु हथियार बनाने का एक और तरीका है। हमला क्यों हुआ- ईरान के एटमी प्रोग्राम के दूसरे रास्ते को भी रोकना।

5. **तबरीज- न्यूक्लियर रिसर्च सेंटर, सैन्य बेस और एक बड़ा तेल रिफाइनरी :** ईरान के अजरबैजान प्रांत की राजधानी है। यहां कई मिलिट्री वेयरहाउस, मिसाइल प्रोडक्शन यूनिट और ढ्ढक्रत्रष्ट से जुड़े ठिकाने हैं। हमला क्यों हुआ- सैन्य और आर्थिक ढांचे को कमजोर करना।

6. **करमनशाह- यूरेनियम कन्वर्जन फैसिलिटी :** ईरान के मिसाइल बेस और औद्योगिक कॉम्प्लेक्स इराक सीमा के पास हैं।

हमला क्यों हुआ- अक्टूबर 2024 के ईरानी मिसाइल हमलों के बाद, करमनशाह से संभावित जवाबी हमलों को रोकना।

# 27 साल का लंबा इंतजार खत्म कर साउथ अफ्रीका ने रचा इतिहास ऑस्ट्रेलिया को हराकर बनी डब्ल्यूटीसी 2025 चैंपियन

**लंदन(एजेंसी)।** 27 साल के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार साउथ अफ्रीका टीम ने टेम्बा बावुमा की कप्तानी में चोकर्स का दाग हटा दिया है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर डब्ल्यूटीसी फाइनल 2025 की चैंपियन बनी है।

इसी के साथ साउथ अफ्रीका ने 27 साल बाद कोई आईसीसी खिताब जीता है। इससे पहले इस टीम ने साल 1998 में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी जीती थी जो अब चैंपियंस ट्रॉफी के नाम से जानी जाती थी। जीत के लिए साउथ अफ्रीका को 282 रनों की जरूरत थी। एडेन मार्करम के बेहतरीन शतक और कप्तान बावुमा की चोट के बाद जुझारू 66 रनों की पारी के दम पर साउथ अफ्रीका ने ये टारगेट 83.4 ओवरों में हासिल कर ऑस्ट्रेलिया के खिताब बचाने के अरमानों पर पानी फेर दिया।

इससे पहले साउथ अफ्रीका ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉपी जीती थी। इसके साथ ही प्रोटियाज टीम आईसीसी के दो टाइटल के बीच सबसे लंबा इंताजार करने वाली टीम बन गई है। उन्होंने वेस्टइंडीज को पीछे छोड़ दिया है।

ये जीत साउथ अफ्रीका के लिए आसान नहीं थी। उसके गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 212 रनों पर ढेर कर दिया था। लेकिन बल्लेबाज पहली पारी में सिर्फ 138 रनों पर ढेर हो गई थी। ऑस्ट्रेलिया के पास पहली पारी के आधार पर 74 रनों की बढ़त थी। लॉर्ड्स की पिच को देखते हुए बड़ी बात थी। साउथ अफ्रीका हार मानने के मूड में नहीं थी वो जानती थी कि ऑस्ट्रेलिया बड़े स्कोर की फिराक में होगी। बावुमा ने अपनी रणनीति से ऐसा जाल बिछाया कि कंगारू टीम के लिए रन बनाना मुश्किल हो गया। दूसरी पारी में 73 रनों पर ही ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट खो दिए। आखिर में मिचेल स्टार्क ने नाबाद 58 रनों की पारी खेली और ऑस्ट्रेलिया को मैच में वापस ला दिया। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया 207 रनों पर ढेर हो गई।

साउथ अफ्रीका को मिला मजबूत लक्ष्य जिसे बनाना आसान नहीं था। साथ ही मिचेल स्टार्क ने रियान रिकेल्टन को तीसरे ओवर में ही पवेलियन भेज साउथ अफ्रीका को झटका दे दिया। स्टार्क ने ही वियान मुल्डर को 70 के कुल स्कोर पर आउट कर दिया।

इसके बाद तीसरे दिन जिम्मेदारी एडेन मार्करम और बावुमा पर थी। दोनों ने विकेट पर पैर जमाए और रन बनाने शुरू किए। इस बीच बावुमा को मांसपेशियों में खिंचाव हुआ लेकिन वह रुके नहीं। मार्करम के साथ उन्होंने शतकीय साझेदारी को अंजाम दिया। मार्करम को कप्तान का साथ मिला और इसका फायदा उन्होंने उठाते हुए शतक जमा दिया। तीसरा दिन जब खत्म हुआ तो साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 69 रन चाहिए थे और उसकी जीत पक्की लग रही थी।

फिर चौथे दिन यानी शनिवार को शुरआत साउथ अफ्रीका को दो विकेट का झटका लगा। बावुमा चोट के कारण अपना विकेट गंवा बैठे उन्हें पैट कमिंस ने उनकी पारी को विराम दिया। इस दौरान बावुमा ने 134 गेंदों में 66 रन की बेहतरीन और अहम पारी खेली। इसके बाद ट्रिस्टन स्टब्स भी महज 8




रन बनाकर आउट हो गए। लेकिन मार्करम क्रीज पर जमे थे और उन्होंने पूरी कोशिश करते हुए आखिर तक टीम को जीत की राह पर ले गए। हालांकि, 136 रन बनाकर मार्करम भी अपना विकेट गंवा बैठे इस दौरान उन्होंने 14 चौके जड़े।

आखिर में डेविड बेडिंघम ने नाबाद 21 रन और काइल वेरीयेने ने नाबाद चार रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। इसी केसाथ साउथ अफ्रीका और टेम्बा बावुमा वो टीम और कप्तान बन गए हैं जिन्होंने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को मात दी है।

## हार के बाद पैट कमिंस बोले- जीत की हकदार थी साउथ अफ्रीका, उन्होंने मौकों का फायदा उठाया

**लंदन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब बचाने की उम्मीदें शनिवार को लॉर्ड्स में दिल टूटने के साथ खत्म हो गईं। कप्तान पैट कमिंस ने हार को स्वीकार करते हुये कहा कि दक्षिण अफ्रीका सही मायनो में जीत की हकदार थी। अंतिम क्षणों में धैर्य बनाए रखने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम से कमिंस की टीम पांच विकेट से हार गई। शुरुआती नियंत्रण के बावजूद यह मुकाबला निर्णायक रूप से आस्ट्रेलिया के पक्ष में नहीं गया। इस परिणाम ने दक्षिण अफ्रीका को उसका पहला डब्ल्यूटीसी खिताब और 27 वर्षों में उसकी पहली आईसीसी पुरुष ट्रॉफी दिलायी।

मैच के बाद के कमिंस ने कहा 'चीजें बहुत जल्दी बदल सकती हैं। हमेशा कुछ चीजें होती हैं। हमारे पास पहली पारी में अच्छी बढ़त थी और हमने उन्हें आउट करने की कोशिश की, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।'' ऑस्ट्रेलिया ने मैच की शुरुआत मज़बूती से की, पहली पारी में 67 रन की अहम बढ़त हासिल की। लेकिन दूसरी पारी में उनके पतन ने दरवाज़ा खोल दिया, और प्रोटियाज़ ने एडेन मार्करम की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत चौथे दिन शानदार तरीके से जीत दर्ज की। कमिंस ने कहा '' ऐसा लग रहा था कि विकेट सपाट हो गया




है, लेकिन उम्मीद थी कि यह बदल सकता है और दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ। लियोनो (नाथन लियोन) ख़तरनाक लग रहे थे, लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। एडेन शानदार थे। दक्षिण अफ़्रीका चैंपियन बनने के हकदार थे।'

ऑस्ट्रेलिया ने डब्ल्यूटीसी चक्र में शानदार प्रदर्शन किया है जिसमें एशेज रिटेंशन और कई विदेशी जीत शामिल हैं। कमिंस ने कहा '' लॉर्ड्स में यह सब एक साथ नहीं हुआ। यह दो साल शानदार रहे हैं, लेकिन शायद यह दोनों ही चीजें निष्पादन और परिस्थितियाँ इस खेल में काम नहीं आईं।' उन्होंने प्रतियोगिता में बने रहने और मौकों का फ़ायदा उठाने की दक्षिण अफ़्रीका की क्षमता की प्रशंसा की। उन्होंने प्रोटियाज़ के जोशीले प्रदर्शन की तारीफ करते हुये कहा, '' उन्होंने खुद को खेल में बनाए रखा और मौकों का फ़ायदा उठाया।''

## भारतीय टीम के साथ सीरीज में क्रॉली और ओली की परीक्षा होगी : बॉयकॉट

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ज्योफ्री बॉयकॉट ने कहा है कि युवा बल्लेबाजों जैक क्रॉली और ओली पोप के लिए भारत के खिलाफ सीरीज में खेलना आसान नहीं होगा। बॉयकॉट के अनुसार क्रॉली के लिए पिछले कुछ महीने काफी मुश्किल रहे हैं। न्यूजीलैंड में वे रनों के लिए तरसते दिखे। उनका औसत 9 से कम रहा और वह सभी छह पारियों में मैट हेनरी का शिकार बने। वहीं ओली के साथ भी ऐसा ही हुआ। हैदराबाद में भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में 196 रन की पारी खेलने के बाद भी आगे के मैचों में उनके प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही।

बॉयकॉट ने कहा, 'हम अभी कह नहीं सकते कि ये दोनो ही अपनी तकनीकी और मानसिक समस्याओं से उबर गये हैं। जिम्बाब्वे में दोनो ने शतक जरुर लगाये पर तब गेंदबाजी



बेहद औसत दर्जे की रही थी। बॉयकॉट ने कहा, ' जिम्बाब्वे के पास मध्यम गति के गेंदबाज थे, इसी कारण वे क्रॉली और पोप की बल्लेबाजी में किसी भी तरह की कमी को सामने नहीं ला पाये। वहीं अब भारतीय टीम के खिलाफ सीरीज से ही इनकी बल्लेबाजी का स्तर पता चलेगा। तभी ये देखा जा सकेगा कि बेहतर गेंदबाजों के खिलाफ वह वास्तव में खेल पाते हैं या नहीं। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच की सीरीज का पहला मैच 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा।

## यह जानना महत्वपूर्ण है कि कब तैयार रहना है : प्रसिद्ध कृष्णा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा कि उन्होंने टीम की जरूरतों के अनुसार खेलना सीख लिया है और अब वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अपनी शानदार फॉर्म को इंग्लैंड दौरे पर भी जारी रखना चाहते हैं। चोट से उबरकर वापसी करने वाले प्रसिद्ध ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया और सर्वाधिक विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल की। वह अब इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला को लेकर उत्साहित हैं। भारतीय टीम अभी यहां आपस में ही अभ्यास मैच खेल रही है।

प्रसिद्ध ने बीसीसीआई टीवी से कहा, ''आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि जब आपका मौका आए तो आप उसके लिए तैयार रहें लेकिन आप वास्तव में लंबे समय तक ध्यान केंद्रित नहीं रख सकते हैं, खासकर



जब आप बाहर बैठे हों, इसलिए आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप थोड़ा मौज-मस्ती भी करें।' उन्होंने कहा,''जब आप जानते हैं कि आप स्थिति को भांप सकते हैं, तो आप यह सुनिश्चित करते हैं कि आप विशेष परिस्थितियों में अपनी टीम की मदद करें। यह सुनिश्चित करें कि आप पूरी तरह से तैयार रहें, क्योंकि खेल में कुछ भी हो सकता है, यही अपने आप में क्रिकेट की खूबसूरती है।'


प्रसिद्ध ने कहा, ''मुझे लगता है कि हम सभी इस बात को अच्छी तरह से जानते हैं कि कब स्विच ऑन और कब स्विच ऑफ करना है।' गुजरात टाइटंस की तरफ से आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करके भारतीय टीम में जगह बनाने वाले प्रसिद्ध ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले यहां कुछ अभ्यास मैच खेलने से टीम को काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा, '''हम सभी के लिए मैदान पर कुछ समय बिताना बेहद महत्वपूर्ण है। आज भी हमने यही किया। यह एक अच्छी, बढ़िया और सख्त पिच लग रही है। गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की जबकि बल्लेबाजों ने भी जज्बा दिखाया। जब आप अपने आपस में ही मैच खेलते हैं तो बहुत अच्छा लगता है।' बीसीसीआई के अपडेट के अनुसार अभ्यास मैच के पहले दिन कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल ने अर्धशतक बनाए, जबकि शार्दुल ठाकुर विकेट लेने वाले गेंदबाजों में शामिल थे।

## भारतीय गेंदबाजी का उभरता सितारा है प्रणव राघवेंद्र

बेंगलुरु । भारतीय अंडर 19 टीम में शामिल 17 साल के उभरते हुए तेज गेंदबाज प्रणव राघवेंद्र आजकल जमकर अभ्यास में लगे हैं। प्रणय ने हाल ही में अभ्यास सत्र में 147.3 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर सभी को प्रभावित किया था। ऐसे में उन्हें भविष्य का सितारा बताया जा रहा है। प्रणव ने 6 साल की उम्र में एमआरएफ पेस फाउंडेशन में ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्राथ के मार्गदर्शन में शुरुआत की थी। 139 किमी प्रति घंटे की उनकी रफ्तार देखकर मैकग्राथ भी प्रभावित हुए थे। प्रणव का सपना कई अन्य तेज गेंदबाजों की तरह पाकिस्तान के शोएब अख्तर का 161.3 किमी प्रति घंटे का रिकॉर्ड तोड़ना है। प्रणव ने तमिलनाडु के लिए 2024 में असम और रेलवेज के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैच खेले, जिसमें उन्होंने दो विकेट लिए। इसके बाद उन्होंने तमिलनाडु प्रीमियर लीग में भी अच्छा प्रदर्शन किया। प्रणव भारत की अंडर-19 टीम का हिस्सा हैं और इंग्लैंड दौरे के लिए तैयार है। इस गेंदबाज को बल्लेबाजों को बाउंसर व सटीक लाइन व लेंथ से परेशान करना अच्छा लगता है। वह तेजी के लिए स्पीड गन नहीं अपनी फिटनेस पर ध्यान देता हैं।



## पहली बार पेरिस डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे नीरज चोपड़ा, नया रिकॉर्ड बनाने पर नजर




नई दिल्ली। भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरच चोपड़ा 20 जून को होने वाले पेरिस डायमंड लीग में खेलने उतरेंगे। नीरज आठ साल बाद इस टूर्नामेंट के पेरिस चरण में हिस्सा लेंगे। नीरज लगातार दो टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर रहे हैं और उनकी नजरें अब इस प्रतियोगिता में टॉप पर रहने की होगी। नीरज ने पिछले साल ओलंपिक खेलों पर ध्यान केंद्रित करने के कारण इसमें हिस्सा नहीं लिया था। नीरज ने आखिरी बार 2017 में जूनियर विश्व चैंपियन के रूप में पेरिस डायमंड लीग में भाग लिया था और तब वह 84.67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। पेरिस डायमंड लीग के आयोजकों ने अभी प्रतियोगियों की पूरी सूची प्रकाशित नहीं की है लेकिन उन्होंने घोषणा की है कि नीरज और दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले उन पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं जो पहले ही 90 मीटर का आंकड़ा पार कर चुके हैं। पीटर्स 16 मई को दोहा डायमंड लीग और 23 मई को पोलैंड में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में नरीज के बाद तीसरे स्थान पर रहे थे। वहीं नीरज ने 2025 सत्र की शुरुआत साउथ अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में एक आमंत्रण प्रतियोगिता में खिताब के साथ की। ये एफ श्रेणी की मामूली प्रतियोगिता थी जिसमें उन्होंने 84.52 मीटर का थ्रो किया।

## अगले साल आईपीएल ट्रॉफी जीतेगी पंजाब : शशांक

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल के इस सत्र में पंजाब किंग्स की ओर से अच्छी बल्लेबाजी करने वाले शशांक सिंह ने कहा है कि इस बार उनकी टीम भले ही 6 रनों से खिताब नहीं जीत पायी है पर अगले सत्र में वह विजेता बनेगी। शशांक ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ फाइनल में शानदार बल्लेबाजी कर सबसे अधिक रन बनाये थे। आखिरी क्षणों में खेली उनकी आक्रामक पारी की बदौलत ही पंजाब टीम 191 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 184 रनों तक पहुंची थी। शशांक ने कहा कि अंतिम ओवर में जोश हेजलवुड की फुल टॉस पर शॉट नहीं लगा पाने की बात से वह अब भी निराश हैं। साथ ही कहा कि पंजाब किंग्स अगले साल भी फाइनल में पहुंचेगी और ट्रॉफी जीतकर ही रहेगी।

शशांक ने में कहा, मैंने अंतिम दो ओवरों का हिसाब लगाया था, भुवनेश्वर कुमार को यॉर्कर पसंद है, इसलिए मैंने उनसे कम से कम 16 से 17 रन बनाने की योजना बनाई थी। मेरा हिसाब था कि आखिरी ओवर में हमारा लक्ष्य 6 गेंदों में 24 रन होना चाहिए पर भुवनेश्वर के ओवर में मुझे केवल 13 रन ही मिले, इसलिए अंतिम ओवर में 30 रन चाहिए थे।

उन्होंने कहा, मानसिक रूप से, मेरा दिमाग हेजलवुड की पहली गेंद पर यॉर्कर लेने के लिए तैयार था। इसलिए मैंने अपने को तैयार किया था पर मैंने कभी भी फुल टॉस की उम्मीद नहीं की। वहीं अब मुझे लगता है, अगर मैं इसे कनेक्ट कर लेता, भले ही यह बल्ले के हैंडल पर लग जाता, तो मैं अधिकतम रन बना सकता थाक्योंकि फाइन-लेग पास था। मैं उनसे वाइड की उम्मीद कर रहा था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब मैंने स्कोरबोर्ड देखा, जिसमें बताया गया था कि आखिरी गेंद पर 12 रन चाहिए, तो मुझे पता था कि अब कुछ नहीं हो सकता है। फुल टॉस पर रन नहीं बनाने से वह




परेशान हैं। उन्होंने कहा, मैं एक मजबूत व्यक्ति हूं, लेकिन जब मैंने पांचवीं गेंद पर छक्का मारा और मैंने देखा कि आखिरी गेंद पर 12 रन चाहिए थे, तो मैं खुद को नियंत्रित नहीं कर सका। मुझे एहसास हुआ कि सब खत्म हो गया है। जब मैं ड्रेसिंग रूम में आया, तो हर कोई आया और पूछा, मैं क्यों रो रहा हूं? मैंने उनसे कहा, मुझे अपने आप आंसू आ रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं जहां भी गया, लोगों ने मेरी बल्लेबाजी की सराहना कीपर सभी मुझे उस एक फुल टॉस मिस की याद दिला रहे थे। मुझे बहुत बुरा लगा। गेंद मेरे कूल्हे पर थी, स्क्वायर लेग ऊपर था, मुझे बस उसे बल्ले को हिट करना था, जो मैं नहीं कर सका।।

## सबसे ज्यादा आईसीसी ट्रॉफी विजेता देश ऑस्ट्रेलिया, भारत दूसरे नंबर पर

नई दिल्ली । दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया में से कोई एक देश आज एक और आईसीसी ट्रॉफी अपने नाम कर लेगा। पहले तीन दिन के खेल के बाद द.अफ्रीका का पलड़ा भारी है। शनिवार को चौथे दिन पहले ही सेशन में रिजल्ट आ जाएगा। अगर द. अफ्रीका जीतता हैं, तब यह उसकी दूसरी आईसीसी ट्रॉफी होगी। और ऑस्ट्रेलिया ने बाजी मारी तब उसके नाम 11वीं ट्रॉफी होगी। आईसीसी यानी इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था है, जो पूरी दुनिया में इस खेल को संचालित करती है। इसमें पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों शामिल हैं। 1973 में पहला आईसीसी वर्ल्ड कप (महिला) खेला गया, इस इंग्लैंड ने जीता था। पुरुष क्रिकेट में पहली आईसीसी ट्रॉफी 1975 में वेस्टइंडीज ने जीती थी। पुरुष क्रिकेट में आईसीसी चार कैटेगरी में वैश्विक टूर्नामेंट आयोजित करती है। वनडे वर्ल्ड कप, टी20 वर्ल्ड कप, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और चैंपियंस ट्रॉफी। इन सभी को मिलाकर ऑस्ट्रेलिया ने अब तक 10 खिताब जीते हैं। उसके नाम ही सबसे अधिक आईसीसी ट्रॉफी का रिकॉर्ड है। ऑस्ट्रेलिया ने अब तक 6 वनडे वर्ल्ड कप और एक टी20 वर्ल्ड कप जीता है। साथ ही एक-एक चैंपियंस ट्रॉफी और डब्ल्यूटीसी टाइटल भी जीता है। लेकिन अगर आज दक्षिण अफ्रीका मैच जीत जाता हैं तब 27 साल बाद आईसीसी ट्रॉफी अपने नाम करेगा। इसके पहले सिर्फ एक बार आईसीसी टूर्नामेंट जीता है।

## यूएई और अफगानिस्तान के साथ त्रिकोणीय सीरीज खेलने की योजना बना रहा पीसीबी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) यूएई और अफगानिस्तान के साथ अगस्त में त्रिकोणीय सीरीज आयोजित करने पर विचार कर रहा है। इसके लिए उसने अफगानिस्तान बोर्ड के साथ बातचीत भी शुरू कर दी है। अफगानिस्तान को सीमित ओवरों की सीरीज के लिए अगस्त में पाकिस्तान का दौरा करना है। पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा, ''पाकिस्तान और भारत के बीच खराब होते संबंधों के कारण अब एशिया कप के सितंबर में भारत में होने की संभावना नहीं है, इसलिए पीसीबी एक और त्रिकोणीय सीरीज के प्रस्ताव पर काम कर रहा है।''उन्होंने कहा, '' वहीं अगर एशिया कप का आयोजन अगर यूएई में होता है तो पाकिस्तान अगस्त में अफगानिस्तान और यूएई के साथ दुबई में त्रिकोणीय सीरीज खेलेगा। यह अफगानिस्तान के पाकिस्तान दौरे की जगह पर खेली जाएगी।'' उन्होंने कहा कि पीसीबी त्रिकोणीय सीरीज के आयोजन के लिए दोनों क्रिकेट बोर्ड के साथ पहले से ही बातचीत कर रहा है। साथ ही कहा, ''अगर




एशिया कप रद्द या स्थगित होता है तो पीसीबी चाहता है कि अफगानिस्तान और यूएई की टीमें अगस्त में पाकिस्तान में त्रिकोणीय सीरीज खेलें।'' पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के मौजूदा अध्यक्ष है। एसीसी एशिया कप पर निर्णय लेने के लिए जल्द ही बैठक करेगी। उन्होंने कहा, ''भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने अभी तक घरेलू मैदान पर एशिया कप की मेजबानी करने की अपनी इच्छा की पुष्टि नहीं की है। ऐसे में यह देखना होगा कि एसीसी टी20 प्रारूप में प्रस्तावित एशिया कप को लेकर क्याफैसला लेती है।''एशिया कप को सितंबर में खेला जाना है और इसकी मेजबानी का अधिकार भारत के पास हैं। इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी से पहले तय किये गये हाइब्रिड मॉडल के अनुसार पाकिस्तान इस टूर्नामेंट के लिए भारत की यात्रा नहीं करेगा।

## शुभमन गिल की कप्तानी पर अश्विन ने कहा: 'उम्मीद है कि उन्हें अच्छी शुरुआत मिलेगी ताकि कोई सवाल न उठे'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ से पहले शुभमन गिल की भारत के नए टेस्ट कप्तान के रूप में नियुक्ति पर अपने विचार साझा किए। वरिष्ठ खिलाड़ियों रोहित शर्मा के संन्यास के बाद यह सीरीज़ भारतीय टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत है और विराट कोहली टेस्ट से और अश्विन खुद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से। अश्विन ने कहा, 'मुझे लगता है कि गिल पहले से ही उस ध्यान और जिम्मेदारी से बहुत अभिभूत हैं जो उन्हें मिल रही है। अगर मैं उनकी जगह होता और इतने दबाव वाले काम पर होता, तो मैं बल्लेबाज के तौर पर बहुत अच्छी शुरुआत करना चाहता।' उन्होंने बताया कि इंग्लैंड में बल्लेबाजी करना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है और गिल को कप्तान और बल्लेबाज दोनों के तौर पर खुद को साबित करना होगा।

उन्होंने कहा, 'बल्लेबाज के तौर पर, उनके




स्थान को लेकर कई सवाल उठेंगे, क्योंकि इंग्लैंड में बल्लेबाजी करना बहुत मुश्किल हो सकता है। लेकिन अगर वह रन बनाते हैं, तो रन बनाने से आत्मविश्वास बढ़ेगा और यह कप्तानी पर भी असर डालेगा।' गिल को 'बहुत खास खिलाड़ी÷ बताते हुए अश्विन ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि वह किसी भी सवाल से बचने के लिए बहुत अच्छी शुरुआत करेंगे। लेकिन मुझे लगता है कि ऋषभ शुभमन की तुलना में सीरीज में बहुत अधिक निश्चितता के साथ उतरेंगे। टेस्ट क्रिकेट में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ती और विकसित होती है। हाल ही में रांची में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए टेस्ट मैच में शुभमन की दूसरी पारी में 50 रन की पारी ने उनके रवैये और बदलाव की क्षमता को दर्शाया।'

अश्विन ने विराट कोहली के संन्यास पर भी बात की, जिन्होंने इंग्लैंड सीरीज से कुछ ही हफ्ते पहले 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से बाहर होने की घोषणा की थी। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत को आगामी सीरीज में कोहली की कमी खलेगी, अश्विन ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि जिसने भी खेल खेला है या खेलेगा, वह खेल से बड़ा है। मैदान पर कोई भी व्यक्ति खेल के लिए अच्छा नहीं करता - खेल उनके लिए अच्छा या बुरा करता है। मुझे विराट पसंद है, लेकिन वह आया, खेल खेला, खेल को छोड़ा, इसे एक बेहतरीन जगह पर छोड़ा। इसे आगे ले जाने का काम किसी और का है।' उन्होंने उम्मीद जताई कि गिल, ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल जैसे युवा खिलाड़ी इस अवसर पर खरे उतरेंगे। 'अब शुभमन गिल, ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल जैसे प्रतिभाओं के रवैये और इच्छा को आगे बढ़ाने का इंतजार है।

अब यह देखने का समय है कि क्या वे विराट कोहली, सचिन तेंदुलकर जैसे खिलाड़ियों द्वारा इन सभी वर्षों में मैदान पर दिखाई गई तीव्र ऊर्जा को दोहरा सकते हैं। अश्विन ने कहा, 'यह कहने के बाद, टीम में हर किसी की जिम्मेदारी है कि वह उस ऊर्जा और इच्छा को दिखाए।' यह श्रृंखला जून से अगस्त 2025 तक आयोजित की जाएगी, जिसके मैच लीड्स में हेडिंग्ले, बर्मिंघम में एजबेस्टन, लंदन में लॉर्ड्स और द ओवल और मैनचेस्टर में ओल्ड ट्रैफर्ड में निर्धारित हैं।

**इंग्लैंड श्रृंखला के लिए भारत की टेस्ट टीम:** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

## हरभजन बोले नंबर तीन पर सुदर्शन को उतारें, शुभमन चौथे नंबर पर उतरें

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम आजकल युवा कप्तान शुभमन गिल के साथ इंग्लैंड दौरे पर है जहां उसे 20 जून से पहला टेस्ट खेलना है। इस सीरीज में किस खिलाड़ी को नंबर तीन पर उतारा जाये। ये अभी तक साफ नहीं हुआ है। इस स्थान के लिए शुभमन गिल और करुण नायर के नाम सामने आ रहे हैं। अभी तक शुभमन तीसरी नंबर पर उतरते थे जबकि विराट कोहली चौथे नंबर पर उतरते थे लेकिन रोहित और विराट कोहली के अचानक संन्यास लेने से भारतीय टीम में अब अधिकतर युवा खिलाड़ी हैं। ऐसे में बल्लेबाजी क्रम में बदलाव की भी जरुरत है। इसको देखते हुए दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि साई सुदर्शन को तीसरे जबकि शुभमन गिल को चौथे नंबर पर उतरना चाहिये। हरभजन सिंह ने कहा कि साई सुदर्शन को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि वह बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और वह जबरदस्त फॉर्म में हैं। उन्होंने आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन किया था, जिसमें उन्होंने ऑरेंज कैप जीती थी। हरभजन ने कहा, मेरे हिसाब से साई सुदर्शन को तीसरे नंबर पर खेलना चाहिए। वह बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और बेहतरीन फॉर्म में हैं। उन्होंने घरेलू क्रिकेट के बाद आईपीएल में भी शानदार प्रदर्शन किया है। उनकी तकनीक अच्छी है और मेरा मानना है कि वह इस स्थान के लिए सही विकल्प हो सकते हैं। हरभजन ने यह भी कहा कि इंग्लैंड दौरा नए कप्तान शुभमन गिल के लिए बड़ी चुनौती होगा क्योंकि टीम में अनुभवी खिलाड़ी नहीं हैं। इस पूर्व भारतीय स्पिनर ने कहा, शुभमन नए कप्तान हैं और टीम काफी युवा है। इसमें रोहित, विराट, पुजारा या यहां तक कि अजिंक्य रहाणे भी नहीं हैं। यह चुनौतीपूर्ण होने वाला है पर मुझे उम्मीद है कि हमारे युवा खिलाड़ी इस अवसर का लाभ उठाएंगे और अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

आईसीआईसीआई बैंक और टाटा मेमोरियल सेंटर ने विशाखापट्टनम में

# उन्नत कैंसर केयर ब्लॉक की आधारशिला रखी

● आईसीआईसीआई बैंक ने शहर में कैंसर देखभाल सुविधा का विस्तार करने के लिए टाटा मेमोरियल सेंटर को ?550 करोड़ से अधिक की राशि देने की प्रतिबद्धता जताई ● बैंक द्वारा टाटा मेमोरियल सेंटर को दिए गए 1,800 करोड़ के योगदान के तहत, यह ब्लॉक पूर्वी भारत में बाल और रक्त कैंसर के उपचार के लिए सबसे बड़ी सुविधाओं में से एक होगा

**विशाखापट्टनम , एजेंसी।** आईसीआईसीआई बैंक ने टाटा मेमोरियल सेंटर के साथ साझेदारी में आज विशाखापट्टनम, आंध्र प्रदेश स्थित होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र में एक नए भवन के निर्माण की शुरुआत की घोषणा की। बैंक ने लगभग 3.9 लाख वर्गफुट क्षेत्र में अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक से युक्त भवन के निर्माण के लिए ?550 करोड़ से अधिक की राशि समर्पित की है।

निर्माणाधीन आठ मंज़िला भवन – आईसीआईसीआई फाउंडेशन ब्लॉक फॉर चाइल्ड एंड ब्लड कैंसर – प्रति वर्ष लगभग 3,000 मरीजों का उपचार करेगा। वर्तमान में एचबीसीएचआरसी, विशाखापट्टनम की क्षमता 6,200 मरीजों की है।

यह नया भवन पूर्वी भारत के सबसे बड़े विशेषीकृत कैंसर उपचार केंद्रों में से एक होगा, जिसमें 215 से अधिक बेड होंगे। इसके 2027 तक पूर्ण होने की संभावना है, जो अनुमोदनों के अधीन है। इस परियोजना का संचालन आईसीआईसीआई




बैंक की सीएसआर शाखा, आईसीआईसीआई फाउंडेशन फॉर इनक्लूसिव ग्रोथ द्वारा किया जाएगा।

इस भवन की आधारशिला आईसीआईसीआई बैंक के चेयरमैन श्री प्रदीप कुमार सिन्हा ने रखी। इस अवसर पर श्री संदीप बत्रा, कार्यकारी निदेशक, आईसीआईसीआई बैंक; और डॉ. सुदीप गुप्ता, निदेशक, टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई भी उपस्थित थे।

श्री सिन्हा ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में एन.के. राव ऑडिटोरियम का भी उद्घाटन किया। आईसीआईसीआई फाउंडेशन ने नए ऑडिटोरियम के लिए बुनियादी ढांचे और उपकरणों के साथ टीएमसी को सपोर्ट दिया है।

आईसीआईसीआई बैंक के चेयरमैन श्री प्रदीप कुमार सिन्हा ने कहा, हमें कैंसर देखभाल के लिए टीएमसी के साथ साझेदारी करने पर गर्व है, जो देश में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की हमारी फिलोस्फी के अनुरूप है। यह परियोजना जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए सुलभ और उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा देखभाल को सक्षम करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह प्रोजेक्ट बाल और रक्त कैंसर के लिए पूर्वी गलियारे में सबसे बड़े प्रोजेक्ट में से एक है। इसके जरिये आंध्र प्रदेश और आसपास के पूर्वी राज्यों के रोगियों की सेवा की जाएगी, जिससे कैंसर के इलाज की बढ़ती ज़रूरत को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर, आईसीआईसीआई बैंक के कार्यकारी निदेशक श्री संदीप बत्रा ने कहा, आईसीआईसीआई बैंक में, स्वास्थ्य सेवा हमारे सीएसआर प्रयासों का एक प्रमुख हिस्सा है। दो वर्ष पूर्व हमने टाटा मेमोरियल सेंटर के साथ साझेदारी कर 1,200 करोड़ की प्रतिबद्धता के साथ विशाखापट्टनम, नवी मुंबई और न्यू चंडीगढ़ में तीन नए कैंसर ब्लॉक्स के निर्माण की घोषणा की थी। टीएमसी की नवीनतम आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अब हमने इस प्रतिबद्धता को ?1,800 करोड़ तक बढ़ा दिया है।

## तनाएरा पहली बार साड़ियों पर लेकर आई 40 फीसदी छूट

**भोपाल।** टाटा की प्रोडक्ट तनाएरा ने वित्तीय वर्ष 25 में 930 फीसदी बढ़ोतरी दर्ज की और वित्तीय वर्ष 26 में भी शानदार शुरूआत की है। अपने उपभोक्ताओं को शादी-ब्याह की खरीददारी का बेजोड़ अनुभव प्रदान करते हुए तनाएरा विकास के इन रूझानों को लगातार जारी रखे हुए है। इसी क्रम में ब्राण्ड देश भर में अपनी पहली सेल लेकर आई है, जिसके तहत शुद्ध एवं प्राकृतिक फैब्रिक से बने परिधानों की सभी कैटेगरीज़- साड़ियों, रैडी-टू-वियर एन्सेम्बल्स, अनस्टिच्ड कुर्ता सेट और फेस्टिव लहंगा पर 40 फीसदी तक की छूट की घोषणा की गई है। देश के 41 शहरों में 80 स्टोर्स के नेटवर्क के साथ तनाएरा ने उपभोक्ताओं के पसंदीदा एथनिक वियर डेस्टिनेशन के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत बना लिया है। त्योहारों की शुरूआत के साथ इस सेल की घोषणा से उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं प्रमाणित फैब्रिक से बने प्रोडक्ट्स खरीदने का मौका मिलेगा, ऐसे में वे तनाएरा के विशेष डिज़ाइनों के साथ-साथ बेजोड़ कीमतों पर खरीददारी का भी अनुभव पा सकेंगे।इस अवसर पर श्री सोमप्रभ कुमार सिंह, चीफ़ सेल्स एण्ड मार्केटिंग ऑफिसर ने कहा, ''हम पहली बार इतनी व्यापक रेंज पर छूट के ऑफर लेकर आए हैं, जहां हमारे प्रोडक्ट्स 40 फीसदी तक के डिस्काउन्ट पर उपलब्ध हैं। इस ऑफर के साथ-साथ हमारे उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं समृद्ध प्रोडक्ट्स तो मिलते ही हैं, जिनके लिए तनाएरा को जाना जाता है। प्रमाणित स्रोतों से खरीदे गए हस्तनिर्मित उत्पादों की व्यापक रेंज तथा हर पीस में शुद्धता एवं गुणवत्ता के वादे के साथ हम अपने समझदार उपभोक्ताओं को सही मायनों में खास अनुभव प्रदान करना चाहते हैं।'

## रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट की स्नातक सोनाक्षी ने पेश किया 'ज़ात' - महिलाओं की अनकही कहानियों को धातु और यादों से उकेरने वाली मूर्तिकला प्रदर्शनी

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश काउंसिल, कस्तूरबा गांधी मार्ग की गैलरी में ज़ात प्रदर्शनी पेश की जाएगी, जो सोनाक्षी की एक गहरी और प्रभावशाली मूर्तिकला कृति है। यह प्रदर्शनी मां-बेटी की पीढ़ियों की यादों को पारिवारिक चीज़ों, धातु और उनके अर्थों के ज़रिए सामने लाती है। यह प्रदर्शनी 11 जून से 31 जुलाई 2025 तक स्टडी यूके- क्रिएटिव कनेक्शन्स सेकंड के हिस्से के रूप में चलेगी। आगरा में जन्मी और अब लंदन में रहने वाली सोनाक्षी चतुर्वेदी अपनी पेंटिंग, इनैमलिंग और रत्नों की जानकारी को मिलाकर यह सवाल उठाती हैं कि महिलाओं की कहानियां कैसे याद रखी जाती हैं—या जानबूझकर भुला दी जाती हैं। यह प्रदर्शनी दुल्हन, मां और दादी जैसे पारंपरिक रोल्स पर सवाल उठाती है और भारतीय उपमहाद्वीप की हस्तकला परंपराओं में छिपी अनकही इच्छाओं को उजागर करती है। 2024 में मशहूर रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट से ज्वैलरी और मेटल में एमए पूरा करने वाली सोनाक्षी नई पीढ़ी की कलाकार हैं, जो पुरानी हस्तकला को आधुनिक कला के साथ जोड़ रही हैं। रत्न विशेषज्ञ होने के साथ-साथ इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर द आर्ट्स (संस्कृति मंत्रालय) में शोधकर्ता के रूप में उनका अनुभव उन्हें दक्षिण एशियाई समाजों में गहनों और विरासत के सांस्कृतिक मायने समझने की गहरी समझ देता है।

## अल्पेनलिबे ने भारत का पहला लिक्विड चोको से भरा पॉप लॉन्च किया!

**मुंबई, एजेंसी।** अल्पेनलिबे एकलेयर्स लंबे समय से घर-घर में पसंदीदा रहा है, जो अपने सिग्नेचर रिच, लिक्विड चोको जैसेसेंटर के लिए जाना जाता है – आनंद की वह पहचान जिसे उपभोक्ता पसंद करते हैं और इसकी उम्मीद करते हैं। इसी प्रतिष्ठित अनुभव को आगे बढ़ाते हुए, अल्पेनलिबे अब अल्पेनलिबे एकलेयर्स पॉप लॉन्च कर रहे हैं, जिसमें उसी चोको जैसे आनंद को बिल्कुल नए रूप मे पेश किया गया




है। यह चोको जैसेलिक्विड से भरा भारत का पहला लॉलीपॉप है। सिर्फ़ ?5 में, एकलेयर्स पॉप प्रीमियम स्वाद का अनुभव कराता है – जिसका बाहरी हिस्सा परिचित चबाने वाले कैरेमल है, तो वहीं इसके मध्य मे समृद्ध चोको जैसे स्वाद है। यह एक बहुत पसंद किए जाने वाले फॉर्मेट को सुविधाजनक, चलते-फिरते प्रारूप में लाता है। इसे किशोरों और युवा वयस्कों के लिए कभी भी, कहीं भी अपनी लालसा को संतुष्ट करने के लिए तैयार किया गया है। चाहे आप इसे धीरे-धीरे चखें या एक बार में ही चबा जाएं, एक्लेयर्स पॉप रोज़ाना की स्नैकिंग को शुद्ध चोको जैसे आनंद में बदल देता है। परफ़ेटी वैन मेले इंडिया की मार्केटिंग डायरेक्टरगुंजन खेतान ने कहा, अल्पेनलिबे एक्लेयर्स पॉप के साथ, हमारा उद्देश्य एक बहुत पसंद किए जाने वाले अनुभव को एक नए, सुविधाजनक प्रारूप में विस्तार देना था। हम जानते हैं कि एक्लेयर्स के चोको जैसे सेंटर को कितना पसंद किया जाता है – और यह उत्पाद हर तरह से उस आनंद को आगे बढ़ाता है। किशोर और युवा वयस्क रोजमर्रा के प्रारूपों में भी अधिक समृद्ध, अधिक इमर्सिव ट्रीट की तलाश कर रहे हैं – और एक्लेयर्स पॉप बस यही है। कोई ट्विस्ट नहीं, बल्कि जो वे पहले से ही पसंद किया जाता है, उसी का यह स्वाभाविक विकास है।

# भारत-ईयू व्यापार समझौते में प्रगति

विदेश नीति पर जयशंकर ने कही यह बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत यूरोपीय संघ के साथ अपने संबंधों को उच्च प्राथमिकता देता है। यह बात विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को यह टिप्पणी की। जर्मन मार्शल फंड (जीएमएफ) फोरम में फाइनेंशियल टाइम्स के ब्रसेल्स ब्यूरो प्रमुख हेनरी फॉय से बातचीत के दौरान जयशंकर ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच मुक्त व्यापार समझौता अच्छी प्रगति पर है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस साल के अंत तक यह समझौता पूरा हो जाएगा। विदेश मंत्री ने द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती पर जोर डाला। यह केवल व्यापार तक सीमित नहीं है बल्कि रक्षा , गतिशिलता, प्रतिभा प्रभाव और शिक्षा जैसे पहलुओं के लिए लाभदायक है।



**यूरोपीय आयोग सदस्यों का भारत दौरा सकारात्मक कदम-** उन्होंने बताया कि जब यूरोपीय आयोग के सदस्य हाल ही में सामूहिक रूप से भारत आए थे, तो यह एक असाधारण और सकारात्मक कदम था। यह हमारे बीच रिश्तों को गहरा करने की मांशा का संकेत है। मुक्त व्यापार समझौता इस संबंध में केंद्र बिंदु है।

**भारत हर परिस्थितियों से निपटने लिए है तैयार-** इस उच्चस्तरीय वार्तालाप सत्र में भारत की विदेश नीति से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इसमें अमेरिका के साथ उसके संबंध पर बात हुई। जयशंकर ने कहा कि भारत के पास परिस्थितियों और चुनौतियों से निपटने की क्षमता है। भारत खुद के बारे में सोच सकता है। हम दुनिया से क्या लाभ उठा सकते हैं, इसके आधार पर निर्णय लेने के लिए तैयार हैं।यूरोप के इतिहास और अनुभवों के साथ इसकी तुलना करते हुए, मंत्री ने कहा कि भारत बदलती भू-राजनीतिक वास्तविकताओं और दृष्टिकोण में उभरने वाले किसी भी ट्रांस-अटलांटिक मतभेद से निपटने का आदी है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत अमेरिका के साथ अपने संबंधों को उतना ही महत्व देता है, जितना यूरोपीय संघ के साथ देता है। भारत प्रत्येक के साथ उन शर्तों पर व्यवहार करेगा जो दोनों के लिए लाभदायी हो।

# टर्म इंश्योरेंसः समय सीमा से अधिक मायने रखती है सही टाइमिंग

**मुंबई ।** टर्म इंश्योरेंस को आज भी वित्तीय सुरक्षा की सबसे सरल और असरदार नींव माना जाता है। इसमें न बोनस होता है, न निवेश पर रिटर्न–बस एक सीधा और स्पष्ट वादा होता है- अगर पॉलिसी अवधि के दौरान बीमाधारक की मृत्यु होती है, तो उसके परिवार को एकमुश्त राशि मिलेगी। लेकिन अब सवाल सिर्फ यह नहीं रह गया है कि टर्म इंश्योरेंस होना चाहिए या नहीं, बल्कि यह भी महत्वपूर्ण हो गया है कि इसे कब तक रखा जाए।

इस संदर्भ में टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर - अल्टेरनेट और इमर्जिंग चैनल्स, जिलानी बाशा ने कहा, आज के उपभोक्ता टर्म इंश्योरेंस को लेकर अधिक जागरूक और विचारशील हैं। वे अब सामान्य दृष्टिकोण से हटकर, अपनी व्यक्तिगत ज़रूरतों और जिम्मेदारियों के अनुरूप फैसले ले रहे हैं। वे पूछ रहे हैं कि कवरेज की सही अवधि क्या है, क्यों जरूरी है और किस समय सबसे ज्यादा प्रासंगिक है। यह सोच एक सकारात्मक बदलाव का संकेत है, जहां बीमा अब सिर्फ एक उत्पाद नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बनता जा रहा है।

उन्होंने आगे जोड़ा, लोग अब ऐसे समाधानों की तलाश कर रहे हैं जो न केवल वर्तमान में प्रासंगिक हों, बल्कि भविष्य के जोखिमों से भी सुरक्षा दें। बीमाकर्ता के रूप में हमारी भूमिका अब केवल उत्पाद बेचने तक सीमित नहीं रही, बल्कि सही जानकारी और मार्गदर्शन देना भी उतना ही जरूरी है।

टर्म इंश्योरेंस का मूल्य इसकी लाइफटाइम कवरेज में नहीं, बल्कि उस समयबद्ध सुरक्षा में है जब परिवार को आपकी आमदनी पर सबसे ज़्यादा निर्भरता होती है। सोच-समझकर किया गया चुनाव ही इसे एक स्मार्ट वित्तीय योजना बनाता है।

एयर इंडिया हादसे के बाद

# बीमा कंपनियों को चुकानी होगी मोटी रकम, बन सकता है नया रेकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान हादसे से बीमा कंपनियों पर बड़ा असर पड़ेगा। यह भारत में अब तक का सबसे महंगा एविएशन इंश्योरेंस क्लेम हो सकता है। जानकारों का कहना है कि बीमा कंपनियों को 120 मिलियन डॉलर (करीब 1000 करोड़ रुपये) से ज्यादा का भुगतान करना पड़ सकता है। इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार इस भुगतान में विमान की कीमत का नुकसान लगभग 80 मिलियन डॉलर हो सकता है। विमान की कीमत को हल लॉस कहा जाता है। यात्रियों को मुआवजा देने में 30 से 50 मिलियन डॉलर और लग सकते हैं। कुछ लोगों का मानना है कि यात्रियों से जुड़े दावे 100 मिलियन डॉलर से भी ज्यादा हो सकते हैं। क्योंकि विमान में कई अमीर लोग सवार थे। इसलिए मुआवजे की राशि बढ़ सकती है।

### किन कंपनियों का बीमा?

टाटा एआईजी इस बीमा पॉलिसी की मुख्य कंपनी थी। न्यू इंडिया एश्योरेंस जैसी अन्य कंपनियों ने भी इसमें हिस्सा लिया था। इस विमान का बीमा लंदन के बाजार में करवाया गया था। इसे ग्लोबल रीइंश्योरेंस प्रोग्राम कहते हैं। इसमें ज्यादातर जोखिम विदेशी बीमा कंपनियों को दिया जाता है। भारत की बीमा कंपनियों जैसे टाटा एआईजी, न्यू इंडिया एश्योरेंस, नेशनल इंश्योरेंस, यूनाइटेड इंडिया, ओरिएंटल और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल ने 10 प्रतिशत से भी कम जोखिम रखा है। सरकारी रीइंश्योरेंस कंपनी जीआईसी रे के पास रीइंश्योरेंस पर 5 प्रतिशत हिस्सा है।




**अब तक का सबसे बड़ा क्लेम-** एलायंस इंश्योरेंस ब्रोकर्स के एविएशन बिजनेस हेड सौरव बिस्वास ने कहा कि यह किसी भारतीय एयरलाइन से जुड़ा अब तक का सबसे बड़ा दावा होगा।

पहले भारत में विमान हादसे कम ही हुए हैं। साल 2010 में दुबई से आ रहा एक बोइंग 737 विमान मंगलौर में उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें 158 लोगों की जान चली गई थी। वहीं साल 2020 में कोझीकोड में हुए एक और हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई थी। बीमा उद्योग के जानकारों के अनुसार, इन दोनों घटनाओं में बीमा कंपनियों ने लगभग 60-70 मिलियन डॉलर का भुगतान किया था।

### प्रति यात्री कितना मुआवजा?


टाटा एआईजी के एक प्रवक्ता ने कहा कि एयर इंडिया के मुख्य बीमाकर्ता होने के नाते, कंपनी स्थिति पर नजर रख रही है। एक बीमा अधिकारी ने बताया कि एयर इंडिया की देनदारी की सीमा 1.5 बिलियन डॉलर तक है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक यात्री के लिए शारीरिक चोट या मृत्यु होने पर लगभग 250,000 डॉलर का मुआवजा दिया जा सकता है।

### क्या कहा जानकारों ने?

जीआईसी रे के सीएमडी रामस्वामी नारायणन ने कहा कि इस घटना से विमान के पूरी तरह से नष्ट होने और लोगों की मृत्यु होने के कारण कई दावे किए जाएंगे। ऐसे नुकसान का असर कई रीइंश्योरेंस कंपनियों पर पड़ता है। क्योंकि विमान बेड़े की नीतियों को अक्सर कई कंपनियों के साथ बांटा जाता है। हालांकि नुकसान की वजह से बीमा की कीमतों पर क्या असर होगा, यह अभी कहना मुश्किल है।

## यूएस क्रैनबेरीज़ के साथ बच्चों को गर्मियों में रखें हाइड्रेटेड और हेल्दी

**मुंबई, एजेंसी।** जैसे-जैसे गर्मी का पारा चढ़ता जा रहा है, बच्चों को हाइड्रेटेड और स्वस्थ रखना हर माता-पिता की प्राथमिकता बन गया है। इस मौसम में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन एक आम समस्या है, जो अक्सर बच्चों में अपच, दस्त, पेट फूलना और पेट दर्द जैसी पाचन से जुड़ी तकलीफों का कारण बनती है। प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. इमरान पटेल बताते हैं कि अत्यधिक खेलकूद, पसीना, कम पानी पीना और फाइबर व पोषण से रहित डाइट बच्चों की आंतों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती



है। इन सभी कारणों से आंतों में मौजूद अच्छे बैक्टीरिया—जिसे गट फ्लोरा कहा जाता है—का संतुलन बिगड़ जाता है, जिससे गर्मियों में बच्चों को पाचन संबंधी समस्याएं होने लगती हैं, वे समझाते हैं।

इस मौसमी चुनौती से निपटने के लिए डॉ. पटेल बच्चों की डेली डाइट में स्क्रैनबेरीज़ शामिल करने की सलाह देते हैं। स्क्रैनबेरीज़ में प्राकृतिक रूप से एंटीऑक्सिडेंट्स और डाइटरी फाइबर प्रचुर मात्रा में होते हैं, जो पाचन में मदद करते हैं और गट फ्लोरा को फिर से संतुलित करने में सहायता करते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि इनका खट्टा-मीठा स्वाद बच्चों को बेहद पसंद आता है, वे बताते हैं।

## अविका गौर और उनके मंगेतर मिलिंद ने कलर्स के नए रियलिटी शो के लिए कहा 'हां!'

**मुंबई, एजेंसी।** क्या आपको बालिका वधू की छोटी आनंदी याद है - वह बाल वधू जिसने उस समय हमारा दिल चुरा लिया था? अब वही अविका गौर पूरी तरह से बड़ी हो चुकी हैं और प्यार में सिर से पांव तक डूबी हुई हैं! टेलीविजन की यह चहेती कलाकार अब उस चैनल पर वापसी कर रही हैं जिसने उन्हें घर-घर का नाम बना दिया था—कलर्स। लेकिन इस बार, वह अकेली नहीं आ रही हैं। इस खास मौके पर उनके साथ हैं उनके मंगेतर और सामाजिक कार्यकर्ता मिलिंद चंदवानी।

यह प्यारा जोड़ा कलर्स के बिल्कुल नए रियलिटी शो 'पति पत्नी और पंगा' में नजर आने वाला है—एक ऐसा शो जो प्यार, हंसी और रिश्तों की जादुई उलझनों का खूबसूरत उत्सव है। अभी हाल ही में जब अविका ने अपने लंबे समय से साथी मिलिंद के साथ रोका सेरेमनी की ड्रीमी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं, तो इंटरनेट पर जैसे भावनाओं की बाढ़ आ गई। फैन्स ने ऑ कहकर अपना प्यार जताया और अब समझ में आता है क्यों—वह तो बस एक झलक थी, असली कहानी अब सामने आ रही है। 'पति पत्नी और पंगा' उन छोटे-छोटे लम्हों को उजागर करेगा जो किसी भी रिश्ते को मजबूत बनाते हैं—एक साथ की गई कोशिशें, साझा की गई मुस्कानें, रोज़ाना की छोटी-छोटी जीतें।

## एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस ने कांतार के साथ मिलकर किए अध्ययन के सातवें संस्करण से मिले आंकड़े जारी किए

**मुंबई, एजेंसी।** एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने मार्केटिंग डाटा एवं एनालिटिक्स के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी कंपनी कांतार के साथ मिलकर किए गए अपने महत्वाकांक्षी इंडिया प्रोटेक्शन कोशेंट (आईपीक्यू) अध्ययन के सातवें संस्करण से मिले आंकड़े जारी करने की घोषणा की है। 25 भारतीय शहरों में करीब 6,360 परिवारों से मिलकर किए गए आईपीक्यू 7.0 से वंचित समुदायों, विशेष रूप से एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय और कामकाजी महिलाओं के बीच भविष्य की वित्तीय तैयारियों को लेकर बड़ी कमी सामने आई है।

एक्सिस मैक्स लाइफ के सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर प्रशांत त्रिपाठी ने कहा, 'आईपीक्यू 7.0 से मिले नतीजों ने वंचित समुदायों के बीच वित्तीय सुरक्षा में असमानता की की तस्वीर सामने रखी है। एलजीबीटीक्यूआईए+समुदाय का प्रोटेक्शन कोशेंट मात्र 35 और महिलाओं का प्रोटेक्शन कोशेंट 48 पर है, जो दिखाता है कि सिर्फ चाहने से तैयारियां मजबूत नहीं हो जाती हैं। इस अंतर को भरने के लिए उद्योग को भरोसा कायम करने, टार्गेटेड तरीके से जागरूकता लाने और पहुंच बढ़ाने पर फोकस करना होगा। एक्सिस मैक्स लाइफ में हमारा मानना है कि सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी हो गया है कि एक ऐसा समावेशी फाइनेंशियल इकोसिस्टम बनाया जाए, जो सहानुभूति पर आधारित हो और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के अनुरूप हो।'

**एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदायः इच्छा के बावजूद फाइनेंशियल प्रोटेक्शन में कमी-** एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय का प्रोटेक्शन कोशेंट स्कोर 35 (0 से 100 के पैमाने पर) रहा है। यह डिजिटल रूप से सतर्क शहरी भारतीयों के 56 के औसत से बहुत कम है, जो इस वर्ग की वित्तीय अनिश्चितता की तस्वीर दिखाता है। एलजीबीटीक्यूआईए+समुदाय का नॉलेज इंडेक्स स्कोर भी 61 है, जो डिजिटल-सैवी अर्बन इंडियंस (डीएसयूआई) के 74 की तुलना में काफी कम है, जो इस समुदाय में जीवन बीमा को लेकर जागरूकता की कमी को दिखाता है।

## हंगामा ओटीटी लेकर आया है डबल रोल वाली नई सस्पेंस थ्रिलर सीरीज 'जुड़वा जाल'

**मुंबई, एजेंसी।** देश के सबसे प्रमुख एंटरटेन्मेंटप्लैटफ़ॉर्म में शामिल हंगामा ओटीटी ने आज अपनी नई ओरिजनल सीरीज 'जुड़वा जाल' के रिलीज की घोषणा की। यह जबरदस्त सस्पेंस से भरी क्राइम थ्रिलर सीरीज है जिसमें रोचकता, ड्रामा और कदम कदम पर नए मोड़ लेने वाली कहानी है। सीरीज छह एपिसोड की है और हर एपिसोड आपकी उत्सुकता को बढ़ाएगा और आपको अंदर सीरीज को आखिर तक देखने की दिलचस्पी पैदा करेगा। इस सीरीज में दर्शकों को हत्या, चीजों को अलग तरह से दिखाने की कोशिश, धोखे और सच तक पहुंचने की कशमकश देखने को मिलेगी। 'जुड़वा जाल' को बेहद प्रतिभाशाली कलाकारों ने अपने अभिनय से तैयार किया है। इसमें मोनालिसाडबल रोल में नजर आएंगी और उनके साथ अंकित भाटिया, पलक सिंह, कार्तिक जैन अहम भूमिकाओं में होंगे। इस सस्पेंस थ्रिलर की कहानी अनामिका की रहस्यमयी स्थितियों में हुई मौत के इर्द-गिर्द बुनी गई है। अनामिका एक ऐसी लड़की है जिसकी जिंदगी और मौत दोनों एक पहेली की तरह दर्शकों के सामने आती है। क्या उसकी मौत एक्सीडेंट में हुई है या फिर किसी ने उसकी हत्या की है? इंस्पेक्टर कुणाल इस केस को सुलझाने के लिए जब गहराई में जाकर पड़ताल करते हैं, तो शक की तमाम सुई एक ही व्यक्ति की ओर इशारा करती हैं और वो है अनामिका की उससे अलग रहने वाली जुड़वा बहन शुचि।



# एसएस राजामौली की फिल्म में आर माधवन की एंट्री?

फेमस एक्टर आर माधवन एक हजार करोड़ की फिल्म में एंट्री करने जा रहे हैं! जी हां, वो एसएस राजामौली की SSMB29 में बड़ा रोल निभा सकते हैं। इसमें महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा लीड रोल में हैं। पृथ्वीराज सुकुमारन भी हैं। ये एक जंगल-एक्शन एडवेंचर मूवी होगी।

बाहुबली और RRR जैसी सुपरहिट फिल्मों को देखने के बाद अब फैंस को एसएस राजामौली की अगली फिल्म का इंतजार है। वो महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा के साथ एक जंगल एडवेंचर बना रहे हैं। अब खबर आई है कि इसमें रहना है तेरे दिल में एक्टर आर माधवन की एंट्री हो गई है। एसएस राजामौली की आने वाली फिल्म SSMB29 के फैंस के लिए ये एक बड़ी खबर है। 3 इडियट्स जैसी हिट फिल्मों के लिए फेमस आर माधवन को इस 1,000 करोड़ रुपये की एपिक मूवी में दमदार रोल निभा सकते हैं। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन भी हैं। ये पहली बार होगा, जब राजामौली और माधवन साथ में काम करेंगे।

### फिल्म के बारे में सबकुछ सीक्रेट

बात करें राजामौली की फिल्म की तो इसके बारे में सबकुछ काफी सीक्रेट रखा जा रहा है। इसमें एक्शन-एडवेंचर होगा। राजामौली ने 2024 में केन्या में एक लोकेशन भी देखा था, जहां फिल्म का कुछ हिस्सा फिल्माया जाएगा। इस फिल्म के संगीत की कमान एमएम कीरवानी के हाथों में है।

महेश को जापान लेकर जाएंगे राजामौली इससे पहले जापान में RRR की स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान राजामौली ने इस प्रोजेक्ट के बारे में एक छोटी लेकिन प्यारी सी जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था, उनका नाम महेश बाबू है, वे एक तेलुगु एक्टर हैं (लोग उन्हें खूब पसंद करते हैं)। ऐसा लगता है कि आप में से कई लोग उन्हें पहले से ही जानते हैं। वे बहुत हैंडसम हैं। उम्मीद है कि हम फिल्म को थोड़ा जल्दी खत्म कर लेंगे और रिलीज के दौरान मैं उन्हें यहां लाऊंगा और आपसे उनका परिचय करवाऊंगा। मुझे यकीन है कि आप भी उन्हें पसंद करेंगे।



# कुटिंग्स यूनिवर्स में दर्शकों को पसंद आएगी मेरी कहानी

अभिनेत्री सना सुल्तान को एएलटीटी की नई वर्टिकल सीरीज कुटिंग्स के लिए चुना गया है। सना कुटिंग्स यूनिवर्स के एक एपिसोड 'आशिक अरबपति में नजर आएंगी। सीरीज के बारे में अपने विचार को व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया कि यह महिला के व्यक्तित्व के अलग-अलग पहलुओं पर आधारित है। दर्शकों को यह कहानी जरूर पसंद आएगी। सीरीज के बारे में सना ने बताया, कुटिंग्स एक वर्टिकल ड्रामा सीरीज है। यह एक खूबसूरत फॉर्मेट है, जिसमें रोमांच, रहस्य, भावनाएं, प्यार, नफरत सब कुछ छोटे-छोटे एपिसोड में समाहित हैं।

फॉर्मेट के बारे में अपनी पसंद को जाहिर करते हुए उन्होंने बताया, मुझे जो सबसे ज्यादा पसंद है, वह यह है कि इतने कम समय में बहुत कुछ अनुभव करने या सीखने को मिला। यह एक बहुत ही रोमांचक कॉन्सेप्ट है और मुझे विश्वास है कि लोग इसे पसंद करेंगे और इससे जुड़ाव महसूस करेंगे। सना ने आगे बताया, मेरी कहानी में आप सब कुछ देख सकेंगे। यह एक ऐसी लड़की की कहानी है, जिसके दो पक्ष हैं। वह एक तरफ तो नरम है, वहीं दूसरी ओर सख्त भी है। मैं यह कह सकती हूं कि मेरी कहानी बहुत ही शानदार और दर्शकों को पसंद आने वाली है और एक महिला के व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं को छूती है।

सना ने खुलासा किया कि जब उन्हें यह ऑफर हुआ तो उन्होंने बिना देरी किए झट से हां कह दिया था। उन्होंने बताया, खुद एक कंटेंट क्रिएटर होने के नाते मैं रील और शॉर्ट-फॉर्म वीडियो के क्रेज को समझती हूं। इसलिए, मुझे इसकी खूबियों के बारे में अच्छी तरह से पता था। सना ने कहा, लोग इसे देखेंगे तो पसंद करेंगे। क्योंकि, इसकी क्वालिटी और स्टोरी दोनों बेजोड़ हैं। यह घर पर शूट किया गया एक रील नहीं, यह एक अच्छी तरह से निर्मित शो है, जो एक छोटे, वर्टिकल फॉर्मेट में एक फिल्म देखने जैसा अनुभव देगा।



# फिल्म भूल चूक माफ रिलीज के विवाद का वामिका पर नहीं पड़ा फर्क

23 मई को सिनेमाघरों में राजकुमार राव और वामिका गब्बी की फिल्म भूल चूक माफ रिलीज हुई। रिलीज के वक्त फिल्म विवादों में आ गई। फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म को इसे सिनेमाघरों में रिलीज करने से पहले डिजिटल रिलीज करने का फैसला किया था। हालांकि, मल्टीप्लेक्स चेन पीवीआरआईनोक्स ने निर्माताओं के फैसले को चुनौती देते हुए अदालत का रुख किया था। इसके बाद फिल्म 23 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई।

बातचीत में वामिका ने इस बारे में बात की कि क्या उन्हें इस पूरे मामले से कोई फर्क पड़ा? इस पर वामिका गब्बी ने कहा इससे मुझ पर कोई असर नहीं पड़ा। मैंने जिंदगी में इतना कुछ देखा है कि इससे प्रभावित नहीं हुई! यह मेरे लिए बहुत बड़ा पल था। मैं टूट सकती थी। मैं कई तरह की भावनाओं से गुजर सकती थी। लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया, क्योंकि मैंने बहुत कुछ देखा है। यह मेरे हाथ में नहीं था।

### कई बार चीजें मेरे हाथ में नहीं होतीं

वामिका गब्बी ने आगे बताया कि मुझे कई बार अस्वीकार किया गया। मैंने देखा है कि वादे किए गए और फिर उन्हें पूरा नहीं किया गया। मैंने अपना पूरा भरोसा उन प्रोजेक्ट्स में लगाया, जिनके बारे में मुझे लगा कि यह मेरे करियर या मेरी जिंदगी को बदल देंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मुझे समझ में आया कि यह मेरे हाथ में नहीं है। इन सबके बावजूद, मेरी तरक्की हो रही थी।



# मेरे लिए अपनी बेटी को बड़े होते देखना सबसे खूबसूरत सिनेमा है

एक्टर अली फजल अपनी आने वाली फिल्म मेट्रो... इन दिनों की रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं। इंटरव्यू में उन्होंने अपने सबसे खास सिनेमाई पलों को लेकर खुलासा किया और कहा कि उनके लिए सबसे खूबसूरत सिनेमा अपनी बेटी को बड़े होते हुए देखना है। इंटरव्यू के दौरानजब अली से सवाल पूछा, जिज्ञासा और अवलोकन, क्या आप इन्हें किसी कलाकार की असली पूंजी मानते हैं? इस सवाल का जवाब देते हुए अली फजल ने कहा, हां, मैं ऐसा मानता हूं। मैं हाल ही में पिता बना हूं और मुझे लगता है कि मेरी जिंदगी का सबसे खूबसूरत सिनेमा अपनी 10 महीने की बेटी को बड़ा होते देखना है। इसमें वही दो बातें हैं, जो कलाकार के लिए जरूरी होती हैं, जिज्ञासा और अवलोकन। एक छोटे बच्चे में जो मासूमियत और अनजानापन होता है, वही उसे खास बनाता है।



# रणबीर और रणवीर के बीच में है ईगो क्लैश? करण जौहर ने बताई पूरी सच्चाई

रणबीर कपूर और रणवीर सिंह बॉलीवुड के दो नए सुपरस्टार हैं। दोनों ने अपने अभिनय से इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। फैंस दोनों की ही फिल्मों का बड़ी बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। हालांकि, दोनों को लेकर तरह-तरह की खबरें भी सामने आती रहती हैं। बीच में इन दोनों स्टार्स के बीच में ईगो क्लैश की खबरें भी सामने आई थीं। अब निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने इन खबरों और दोनों के बीच ईगो की लड़ाई को लेकर असलियत बताई है।

### दोनों के बीच में कोई ईगो नहीं

बॉलीवुड हंगामा के साथ अपनी हालिया बातचीत में करण जौहर ने रणबीर कपूर और रणवीर सिंह के बीत ईगो क्लैश को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने इस बारे सच्चाई बताते हुए कहा, 'हर कोई एक-दूसरे को बहुत समझता है। दोनों के बीच में कोई अहंकार नहीं है। यह सब उस नजर या लेंस से देखने का बहुत पुराना तरीका है। मैं नहीं देखता और मुझे यकीन है कि वे भी नहीं देखते हैं। मुझे नहीं लगता दोनों के बीच में किसी तरह का कोई ईगो है।'

### दोनों एक-दूसरे के काम पर फीडबैक देते हैं

करण जौहर ने दोनों एक्टर्स के बीच एक-दूसरे को कॉम्प्लीमेंट देने और सलाह देने के समय को भी याद किया। निर्माता ने बताया कि कैसे दोनों ने एक-दूसरे की फिल्म के बाद उन्हें फीडबैक दिया। करण ने कहा, मुझे याद है कि 'ऐ दिल है मुश्किल' देखने के बाद रणवीर सिंह मेरे घर आए और मुझे फिल्म को लेकर अपना व्यू बताया ।जो कि वाकई में काफी कमाल था। फिर रणबीर ने मुझे 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' पर फीडबैक दिया। मुझे लगता है कि हम सभी किसी भी चीज से बढ़कर दोस्त हैं।

### 'रामायण' और 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगे रणबीर

वर्कफ्रंट की बात करें तो रणबीर कपूर इन दिनों अपनी एपिक सागा फिल्म 'रामायण' को लेकर चर्चओं में हैं। फिल्म में रणबीर भगवान राम की भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा रणबीर कपूर आलिया भट्ट और विक्की कौशल के साथ लव एंड वॉर में भी नज़र आएंगे। इसका निर्देशन संजय लीला भंसाली कर रहे हैं।

### 'धुरंधर' में नजर आएंगे रणवीर सिंह

इसके अलावा अगर रणवीर सिंह के वर्कफ्रंट की बात करें तो रणवीर इन दिनों अपनी अगली फिल्म 'धुरंधर' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके अलावा वह एक्शन थ्रिलर 'डॉन 3' में भी नजर आएंगे। फिल्म की घोषणा 2023 में की गई थी, लेकिन अभी तक फ्लोर पर नहीं आई है।



# अच्छे और सच्चे एक्टर्स ये नहीं सोचते कि मैं उसको खा जाऊं या उसकी लाइन कटवा दूं

वेब सीरीज ट्रिपलिंग के बिदांस चितवन के रूप में दर्शकों का दिल चुराने वाले एक्टर अमोल पराशर डॉली किट्टी और वो चमकते सितारे और सरदार उधम जैसी फिल्मों में गंभीर किरदारों में भी अपनी अदायगी का चटख रंग दिखा चुके हैं। हाल ही में वह दो वेब सीरीज कुल और ग्राम चिकित्सालय को लेकर चर्चा में रहे।

**आप आईआईटी रैंक होल्डर थे, अच्छी खासी पैकेज वाली नौकरी थी, वो सब छोड़कर आपने एक्टिंग को चुना। यह रिस्क कैसे लिया? और घरवालों का रिएक्शन क्या था?**

ऐसा कोई हीरोइक पल नहीं था कि एक्टिंग के लिए पैशन जागा और सब छोड़-छाड़ के चल दिए। मुझे थिएटर करना था और नौकरी के साथ वह नहीं हो पा रहा था, तो मैंने सोचा कि जो करने का मन है, उसे करके देखते हैं। बेशक, थोड़ी गरीबी होगी, पैसे नहीं होंगे, पर मैनेज कर लेंगे। ऐसा कुछ नहीं था कि मैं तो हीरो बनकर दिखाऊंगा। फिल्मों और टीवी का तो सोचा भी नहीं था। मेरी सोच बस ये थी कि स्टेज पर जाने का मौका मिलता रहे, नए-नए किरदार करने को मिलते रहें। शुरू के 2-3 साल मैंने वही किया।

**ट्रिपलिंग में आपका किरदार चितवन बहुत पसंद किया गया, मगर आपने खुद को टाइपकास्ट नहीं होने दिया। डॉली किट्टी और वो सितारे, सरदार उधम जैसी फिल्मों से उस इमेज को ब्रेक कर दिया। यह कितना मुश्किल या आसान रहा?**

आपने सही कहा, हमारी इंडस्ट्री में एक्टर्स आसानी से टाइपकास्ट हो जाते हैं। मेरे साथ एक फायदा ये रहा कि मैं थिएटर करता था। ऑडिशन देता था, तो फिल्में बनाने वाले, लिखने वाले जो लोग हैं, उन्हें पता था कि अमोल सिर्फ ये किरदार नहीं है। वह और बहुत कुछ कर सकता है। उन्होंने मेरे कोई नाटक, ऑडिशन देखे थे। हालांकि, उसके बावजूद 10 में से 5 चीजें ऐसी थीं जो एक जैसी थीं। पांच चीजें अलग भी थीं। उसमें चुनना भी एक चुनौती होती है, क्योंकि कई बार आपको भी लगता है कि लोगों को यही पसंद आ रहा है तो यही करता हूं, लेकिन मेरी सोच ये थी कि खुद को मजा आना चाहिए। बाकी, लोग पसंद करेंगे या नहीं करेंगे, वह देखा जाएगा।

**आपने रॉकेट सिंह सेल्समैन में रणबीर कपूर, डॉली किट्टी में कोंकणा सेन शर्मा, ट्रैफिक में मनोज बाजपेयी, सरदार उधम में विक्की कौशल जैसे मंझे हुए एक्टर्स के साथ काम किया है। उनसे बतौर एक्टर कोई गुण अपनाया?**

सच कहूं, मेरा मानना है कि एक्टिंग को कोई शब्दों में नहीं समझा सकता। यह ऑब्जर्व करने की चीज है, पर एक बात मैंने इन सबमें देखी कि अच्छे एक्टर सिर्फ अपने लिए काम नहीं करते। वो ऐसे नहीं सोचते कि मैं अच्छा लगूं, बाकियों का मुझे नहीं पता या मैं उसको खा जाऊं या उसकी लाइन कटवा दूं। ये चीज किसी में नहीं है। यह मैंने अपने अन्दर भी लाने की कोशिश की कि हम यहां अच्छा शो बनाने आए हैं। फिल्म अच्छी होगी, तो उसकी चर्चा होगी, वो हिट होगी, तो सबको फायदा होगा, पर अगर आप ईगो में रहो कि मैं ही मैं रहूं, तो चीजें थोड़ी करप्ट हो जाती हैं। उसमें मजा नहीं होता है। जैसे, जब मैं विक्की, कोंकणा सेन शर्मा या मनोज सर के साथ काम कर रहा था, वहां पर कोई बड़ा छोटा नहीं था कि तू मत बोल। तू उधर पीछे खड़ा रह। यह कॉमन चीज सबमें रही, तो जो अच्छे एक्टर होते हैं, वो सीन को ऊपर रखते हैं। वो खुद को या अपनी इमेज को सर्व नहीं करते कि यार, मेरी तो बॉडी की तारीफ होती है तो शर्ट उतार दूं। ये चीजें कहानी को खराब कर देती हैं।

**इन दिनों कई एक्टर्स ने बॉलीवुड में टॉक्सिसिटी को लेकर काफी खुलासे किए हैं। आपका इस बारे में क्या अनुभव रहा? आप खुद आउटसाइडर रहे हैं। ऐसी चीजें झेलनी पड़ी हैं?**

मैं इन चीजों से दूर रहता हूं। सबके अपने-अपने अनुभव हैं। मेरी सोच यह रहती है कि अगर आप अच्छे हैं तो आपको अच्छे लोग मिल जाते हैं। हो सकता है कि मुझे भी कभी किसी के कनेक्शन की वजह से रोल नहीं मिला हो, पर मैं ये नहीं सोचता कि अरे, यह तो साजिश हो गई और मैं घर बैठकर रोने लगूं। मेरा मानना है कि कोई आपका बुरा नहीं चाहता, सब अपना-अपना देख रहे हैं। मैं कई ऐसे लोगों से मिलता हूं, जो दूर से लगता है कि वो बहुत अच्छा कर रहे हैं। सब चीजें वही कंट्रोल कर रहे हैं, मगर पास से मिलो तो पता चलता है कि उसका अलग संघर्ष चल रहा है। मैं ये मानकर चलता हूं कि पर्सनली कोई मेरा बुरा नहीं चाहता है।

**हाल ही में एक हफ्ते के भीतर आपकी दो वेब सीरीज कुल और ग्राम चिकित्सालय आई हैं। दोनों में आपके किरदार भी बिल्कुल अलग हैं। इन दोनों किरदारों को निभाने का अनुभव कैसा रहा?**

अनुभव बहुत अच्छा रहा। दोनों की शूटिंग मैंने अलग-अलग की थी, वह इत्तेफाक की बात है कि दोनों सीरीज एक हफ्ते के भीतर आ गईं। हालांकि, अच्छी बात ये है कि इस वजह से लोगों को मेरे किरदारों का अंतर ज्यादा महसूस रहा रहा है। लोग बोल रहे हैं कि दोनों के रंग बहुत ही अलग है। इन दोनों किरदारों में ढलने का प्रॉसेस अलग रहा। कुल के अभिमन्यु की सोच और मनोदशा समझने के लिए रिसर्च करना पड़ा कि वो ऐसे टेढ़ा क्यों है? क्योंकि वह मेरी पर्सनैलिटी से काफी दूर है, तो उसे समझने में वक्त लगा। जबकि, सीरीज ग्राम चिकित्सालय में प्रभात के किरदार के लिए सिर्फ सुर पकड़ना था। उसे रियल रखना था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in